संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -11 रविवार , 11 फरवरी 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## कर्नाटक में कांग्रेस विधायक के ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई




**बेंगलुरु,10 फरवरी 2024 (ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कर्नाटक में कांग्रेस विधायक नारा भरत रेड्डी एवं कुछ अन्य के विरुद्ध मनी लांड्रिंग जांच के तहत शनिवार को एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर छापेमारी की। बेल्लारी से 34 वर्षीय विधायक भरत के परिसरों समेत कर्नाटक और तेलंगाना के कुछ अन्य स्थानों पर तलाशी जारी है।केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने बेल्लारी और बेंगलुरु में भरत के ठिकानों पर छापेमारी की। रेड्डी के विरुद्ध मनी लांड्रिंग का मामला कर्नाटक पुलिस द्वारा पंजीकृत एफआइआर पर आधारित है। कांग्रेस विधायक पर ईडी के स्कैनर में जो जमीन थी उसका सौदा करने का आरोप है।

# 17 वीं लोकसभा में रखी गई 21 वीं सदी के भारत की नींव

## पिछले पांच सालों के दौरान युवाओं के लिए लिए गए अहम फैसलेः प्रधानमंत्री

- **पीएम मोदी ने दंड संहिता को लेकर कांग्रेस को सुनाई खरी-खरी**
- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 वीं लोकसभा के आखिरी सत्र को किया संबोधित**
- **21 वीं सदी के भारत की नींव रखते हुए किए गए कई सुधारः पीएम मोदी**

**नई दिल्ली,10 फरवरी 2024 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 वीं लोकसभा के आखिरी सत्र के अंतिम दिन लोकसभा में बोलते हुए कहा कि यह सत्र गेम चेंजर रहा। उन्होंने कहा कि आज का ये दिवस लोकतंत्र की एक महान परंपरा का महत्वपूर्ण दिवस है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के भारत की नींव रखते हुए इस सत्र के दौरान कई अहम सुधार किए गए।

### पीएम मोदी ने कांग्रेस पर बोला हमला

पीएम मोदी ने भारतीय दंड संहिता को लेकर कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 75 वर्षों तक हम अंग्रेजों द्वारा दी गई दंड संहिता के साथ रहे, लेकिन नई पीढ़ी हम पर गर्व कर सकेगी। उन्होंने आगे कहा कि देश भले ही 75 साल तक दंड संहिता के अधीन रहा हो, लेकिन अगली पीढ़ी न्याय संहिता के साथ जिएगी। यही सच्चा लोकतंत्र है।

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले पांच सालों के दौरान युवाओं के लिए सरकार ने कई अहम फैसले लिए है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक को लेकर हमने अहम कानून बनाए हैं। उन्होंने कहा कि देश के हर गली-मोहल्ले में बच्चा-बच्चा बोल रहा है कि आने वाले 25 सालों में हम विकसित भारत बन जाएंगे।



### तीन तलाक से महिलाओं को मिला छुटकाराःपीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने तीन तलाक पर बोलते हुए कहा कि 17 वीं लोकसभा ने महिलाओं को नारी शक्ति के माध्यम से सम्मान देने का काम किया है। नारी शक्ति के हक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सत्र में देश सेवा में कई महत्वपूर्ण निर्णय किए गए और अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए भी सबने अपने सामर्थ्य से देश को उचित दिशा देने का प्रयास किया है।

### आजादी के 75 वर्ष को देश ने मनाया उत्सव की तरह : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि 17 वीं लोकसभा ने अपने कार्यकाल के दौरान नए-नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं। आजादी के 75 वर्ष पूरा होने के उत्सव पर सदन ने अत्यंत महत्वपूर्ण कामों का नेतृत्व किया। आजादी के 75 वर्ष को देश ने जी भरकर उत्सव की तरह मनाया है।

### सभी ने देश को दिशा देने का किया प्रयासः प्रधानमंत्री

पीएम मोदी ने कहा कि आज का ये दिवस लोकतंत्र की एक महान परंपरा का महत्वपूर्ण दिवस है। 17 वीं लोकसभा ने 5 वर्ष देश सेवा में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय किए गए और अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए भी सबने अपने सामर्थ्य से देश को उचित दिशा देने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि मैं सभी सांसदों का भी इस बात के लिए आभार व्यक्त करता हूं कि संकट काल में देश की आवश्यकताओं को देखते हुए सांसद निधि छोड़ने का प्रस्ताव जब मैंने माननीय सांसदों के सामने रखा,तो एक पल के विलंब के बिना सभी सांसदों ने इस प्रस्ताव को मान लिया।

# किसानों ने फिर किया 13 फरवरी से दिल्ली कूच का ऐलान

### केंद्रीय बलों की 50 कंपनियां तैनात

**नई दिल्ली,10 फरवरी 2024 (ए)।** दिल्ली के टिकरी बॉर्डर पर एक बार फिर से किसान आंदोलन की आहट सुनाई देने लगी है। एमएसपी की गारंटी समेत लंबित मांगों को लेकर किसानों ने 13 फरवरी से दिल्ली कूच का ऐलान कर दिया है। ट्रैक्टर ट्रॉलियों में बैठकर हजारों किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के अलग अलग इलाकों से दिल्ली कूच शुरू करेंगे। इसका ऐलान पिछले दिनों किसान संगठनों ने किया था। एक तरफ किसान संगठन दिल्ली मार्च की तैयारी में जुटे हैं। वहीं दूसरी तरफ बहादुरगढ़ के उद्योगपति डरे हुए हैं, घबराए हुए हैं। बहादुरगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने इमरजेंसी बैठक कर सरकार और प्रशासन से बॉर्डर बंद न होने देने की अपील की है।

बीसीसीआई के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी और एसपी को भी इसके संदर्भ में ज्ञापन दिया है।



बीसीसीआई के प्रधान सुभाष जग्गा और वरिष्ठ उपप्रधान नरेन्द्र छिकारा ने कहा कि पिछले किसान आन्दोलन से बहादुरगढ़ के उद्योगों को 20 हजार करोड़ का नुकसान हुआ था। इस बार अगर ऐसा हुआ तो उद्योग बंद हो जाएंगे और लाखों लोग बेरोजगार। उद्योगपतियों ने किसानों से भी बहादुरगढ़ बॉर्डर बंद न करने की अपील की है और सरकार से किसान संगठनों से बातचीत कर मुद्धा हल करने की मांग की है।

### किसानों की आहट से उद्योगपति परेशान

25 दिसम्बर 2020 को किसानों ने दिल्ली चलो का ऐलान किया था जिसके बाद 26 और 27 नवम्बर को पंजाब और हरियाणा के हजारों किसानों ने 378 दिन तक कृषि कानूनों के विरोध में दिल्ली के बॉर्डर बंद कर दिए थे। दिल्ली बॉर्डर बंद होने से बहादुरगढ़ से उद्योगों और श्रमिकों का पलायन भी हुआ था। अब फिर से किसानों की आहट से उद्योगपति परेशान है। वहीं दिल्ली बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस सुरक्षा को लेकर एलर्ट हो गई है और हरियाणा पुलिस भी पंजाब से लगते इलाकों में सुरक्षा बढ़ाने में जुट गई है।

## लोकसभा चुनाव से पहले देश में लागू होगा सीएए

**नई दिल्ली,10 फरवरी 2024(ए)।** देश में नागरिकता संसोधन अधिनियम लागू करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि लोकसभा चुनाव से पहले पूरे देश में नागरिकता संसोधन अधिनियम लागू किया जाएगा। उन्होंने ये बातें एक अंग्रेजी मीडिया ग्रुप के ग्लोबल बिजनेस समिट के दौरान कही हैं। बता दें कि इसी साल अप्रैल और मई महीने में चुनाव होने की संभावना है।केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, मैं साफ कर देना चाहता हूं कि सीएए किसी भी व्यक्ति की नागरिकता नहीं छीनेगा। इसका उद्देश्य केवल धार्मिक उत्पीड़न का सामना कर रहे पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश



के अल्पसंख्यकों को नागरिकता देना है। यह वादा मूल रूप से कांग्रेस ने ही उनसे किया था।उन्होंने विपक्ष पर मुसलमानों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा, हमारे मुस्लिम भाइयों को सीएए को लेकर गुमराह किया जा रहा है और भड़काया जा रहा है। सीएए केवल पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के धार्मिक अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के लिए है।

बता दें कि हाल ही में केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने दावा किया था कि अगले सात दिन के अंदर ही सीएए लागू कर दिया जाएगा। यह विधेयक दिसंबर 2019 में ही संसद में पास हो गया था। इसके बाद तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भी विधेयक को मंजूरी दे दी और इसके बाद यह कानून बन गया। यह कानून बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के धार्मिक अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने का भी प्रावधान करता है।

# कर्मचारियों का बढ़ा पीएफ पर ब्याज

**नई दिल्ली,10 फरवरी 2024 (ए)।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने 2023-24 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि अकाउंट के लिए ब्याज दर का ऐलान कर दिया है। ईपीएफओ ने करोड़ों कर्मचारियों के लिए मौजूदा वित्त वर्ष के लिए ब्याज दर में बढ़ोतरी की है । समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, अब कर्मचारियों को पहले की तुलना में 0.10 फीसदी ज्यादा ब्याज मिलेगा। इसका मतलब है कि अब आपके पीएफ अकाउंट पर 8.25 प्रतिशत का ब्याज दर दिया जाएगा. पिछले साल 28 मार्च को ईपीएफओ ने 2022-23 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि खातों के लिए 8.15 प्रतिशत की ब्याज दर की घोषणा की थी। वहीं ईपीएफओ ने एफ वाई22 के लिए 8.10 प्रतिशत का ब्याज दिया था।



पीटीआई के मुताबिक, ईपीएफओ के शीर्ष निर्णय लेने वाले निकाय सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज ने शनिवार को अपनी बैठक में 2023-24 के लिए ईपीएफ पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर देने का फैसला किया है. सीबीटी के फैसले के बाद 2023-24 के लिए ईपीएफ जमा पर ब्याज दर को सहमति के लिए वित्त मंत्रालय को भेजा जाएगा। मार्च 2022 में ईपीएफओ ने करीब 7 करोड़ कर्मचारियों के लिए 2021-22 के लिए ईपीएफ पर ब्याज को घटाकर चार दशक के निचले स्तर 8.1 प्रतिशत कर दिया था, जो 2020-21 में 8.5 प्रतिशत था। ब्याज में कटौती होने के बाद ईपीएफ का बे याज 1977-78 के बाद से सबसे कम हो गया था. वित्त वर्ष 1977-78 में ईपीएफ ब्याज दर 8 प्रतिशत था. 2020-21 के लिए ईपीएफ जमा पर 8.5 प्रतिशत ब्याज दर सीबीटी द्वारा मार्च 2021 में तय की गई थी।

## पंजाब में आप ने अकेले लड़ने का किया ऐलान

**चंडीगढ़,10 फरवरी 2024 (ए)।**कांग्रेस को एक और बड़ा झटका देते हुए पंजाब में आम आदमी पार्टी ने इंडिया गठबंधन तोड़कर अकेले



चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। यह विपक्षी इंडिया ब्लॉक के लिए एक बड़ा धक्का माना जा रहा है।आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि पंजाब में इंडिया के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी आगामी आम चुनाव में पार्टी राज्य और चंडीगढ़ की सभी 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

# लापता युवती का कोई सुराग नहीं

### हाईकोर्ट ने सीबीआई से पता लगाने कहा

**प्रयागराज,10 फरवरी 2024 (ए)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सीबीआई को फतेहपुर के कल्याणपुर थानाक्षेत्र से तीन साल से लापता युवती का पता लगाने का निर्देश दिया है। कोर्ट में सीबीआई से कहा है कि जांच कर युवती के बारे में पता लगाए और अगली सुनवाई पर प्रगति आख्या प्रस्तुत करे। कोर्ट ने इससे पहले पुलिस को जांच का निर्देश दिया था लेकिन लंबी जांच और एसआईटी के गठन के बावजूद पुलिस उसका पता लगाने में नाकाम रही। इससे नाराज कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस अपने दायित्व का निर्वहन करने में नाकाम रही है। यह आदेश न्यायमूर्ति गौतम चौधरी ने



लापता युवती की मां कलावती की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। कलावती ने याचिका दाखिल कर कहा कि उसकी बेटी बेटू देवी की शादी सुमित कुमार के साथ हुई थी। मार्च 2021 में वह अपने पति के साथ मायके आई थी। उसी समय तीन लोगों ने उसका अपहरण कर लिया। इसकी शिकायत पुलिस में की लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। एससी/एसटी आयोग के अध्यक्ष से भी उसने शिकायत की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद कलावती ने मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। तब जाकर पुलिस ने युवती की गुमशुदगी दर्ज की। कलावती का आरोप है कि तीनों युवक उसे अपहरण कर गुजरात ले गए हैं, जहां उससे देह व्यापार कराया जा रहा है। पुलिस आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। याची की याचिका पर हाईकोर्ट के निर्देश के बाद 10 दिसंबर 2021 को पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की और मामले की जांच सीओ बिंदकी को सौंपी गई। पुलिस टीम के काफी प्रयास के बावजूद बेटू देवी का कोई पता नहीं चला। इस दौरान पुलिस ने गुजरात में भी कई स्थानों पर छापेमारी की। इसी दौरान मिले अज्ञात युवती के एक शव का डीएनए टेस्ट कराया गया लेकिन वह कलावती के डीएनए से मैच नहीं किया।

# फ्लोर टेस्ट से पहले बिहार में सियासी हलचल तेज



### मांझी से मिले वाम नेता, तेजस्वी के आवास पर रोके गए आरजेडी विधायक

**नई दिल्ली,10 फरवरी 2024 (ए)।** बिहार के लिए 12 फरवरी का दिन अहम है, क्योंकि इसी दिन नीतीश सरकार का फ्लोर टेस्ट होना है। फ्लोर टेस्ट से पहले बिहार में सियासी सरगर्मी बढ़ गई है. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने शनिवार को कहा कि सोमवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की नवगठित सरकार के विश्वास मत हासिल करने के दौरान पार्टी के सभी विधायकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए व्हिप जारी किया गया है।

जेडीयू के मुख्य सचेतक श्रवण कुमार ने अपने आवास पर पार्टी विधायकों के लिए दोपहर भोज का आयोजन किया। हालांकि कुछ विधायक इस भोज में शामिल नहीं हुए. श्रवण कुमार ने यहां पत्रकारों से कहा, एक व्हिप जारी कर विधायकों को सदन में उपस्थित रहने और अवसर आने पर सरकार के पक्ष में मतदान करने का निर्देश दिया गया है। हालांकि, यह एक नियमित प्रक्रिया है, जो हम हर विधानसभा सत्र से पहले करते हैं।

# ओवैसी ने मोदी सरकार पर कसा तंज

- **ओवैसी बोले...क्या मोदी सिर्फ एक मजहब की सरकार बाबरी मस्जिद जिंदाबाद के नारे लगाए**
- **शाह ने कहा...हवन में हड्डी नहीं डालनी चाहिए**

**नई दिल्ली,10 फरवरी 2024 (ए)।** संसद में बजट सेशन के आखिरी दिन शनिवार को राम मंदिर निर्माण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई। दोपहर 2:30 बजे गृह मंत्री अमित शाह 30 मिनट बोले। उन्होंने कहा- गुजरात में एक कहावत है कि हवन में हड्डी नहीं डालते। जब पूरा देश आनंद में हो तो आप भी इसमें शामिल हो जाइए। इसी में भलाई है।

शाह से पहले चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा में अपनी बात रखी। उन्होंने दो बार बाबरी मस्जिद जिंदाबाद के नारे लगाए। उन्होंने मोदी सरकार से सवाल पूछा कि, मोदी सरकार सिर्फ एक मजहब की सरकार है? या पूरे देश के धर्मों को




मानने वाली सरकार है?अमित शाह ने लोकसभा में कहा कि इस देश की कल्पना राम और रामचरितमानस के बिना नहीं की जा सकती। राम का चरित्र और राम इस देश के जनमानस के प्राण है। जो राम के बिना भारत की कल्पना करते हैं वो भारत को नहीं जानते। राम करोड़ों लोगों की आस्था का प्रतीक हैं। उन्होंने बताया आदर्श जीवन कैसे जीना चाहिए, इसीलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया है। उधर ओवैसी ने कहा- मैं राम की इज्जत करता हूं, लेकिन नाथूराम से नफरत करता हूं क्योंकि उसने उस व्यक्ति की हत्या की थी जिसके अंतिम शब्द हे राम थे।

### बाबरी मस्जिद पर अमित शाह ने कहा

निर्णय पसंद हो तो स्वीकार कर लेना,पसंद ना आए तो सुप्रीम कोर्ट पर सवाल उठाना सही नहीं है। इस फैसले ने भारत के पंथ निरपेक्ष चरित्र को उजागर किया। दुनिया में कोई देश ऐसा नहीं है, जहां बहुमत वाले समाज ने अपनी इतनी लंबी लड़ाई लड़ी। उधर ओवैसी ने कहा...मेरा ईमान कहता है कि जिस जगह पर मस्जिद थी, वहां बाबरी मस्जिद है और रहेगी। बाबरी मस्जिद जिंदाबाद-जिंदाबाद,भारत जिंदाबाद,जय हिंद।

# ज्योतिषी से मिलने हेलीकॉप्टर से जाते थे तरुण गोगोई

### असम के मंत्री पीयूष हजारिका ने खोली कांग्रेस की पोल

**गुवाहाटी,10 फरवरी 2024 (ए)।।** असम के मंत्री पीयूष हजारिका ने शनिवार को दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई अपने ज्योतिषी से मिलने के लिए सरकारी खर्च पर हेलीकॉप्टर में सवारी करते थे।

हजारिका ने एक्स पर पोस्ट किया कि मुझे अच्छी तरह याद है कि कैसे दिवंगत तरूण गोगोई अपने ज्योतिषी से मिलने के लिए गुवाहाटी से जगीरोड, नलबाड़ी तक कई बार हेलीकाप्टर से 50 किलोमीटर की यात्रा करते थे।

### कांग्रेस ने नहीं किया भुगतान

कांग्रेस पार्टी ने कभी भी इन शुल्कों का भुगतान नहीं किया। हजारिका के पास संसदीय कार्य और सूचना एवं जनसंपर्क सहित कई विभाग हैं। कांग्रेस छोड़ने के बाद हजारिका भाजपा में शामिल हो गए थे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के हेलीकाप्टर इस्तेमाल पर स्थगन प्रस्ताव को लेकर लोकसभा सदस्य गौरव गोगोई के नोटिस का जिक्र करते हुए मंत्री हजारिका ने



कहा कि यह मेरा अनुरोध है कि गौरव गोगोई अगली बार जब असम के मुख्यमंत्री के हेलीकाप्टर इस्तेमाल पर बोलें तो इस मामले को उठाएं।

### लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव को लेकर एक नोटिस

गौरव गोगोई लोकसभा में कलियाबोर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं और पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत तरुण गोगोई के बेटे हैं। सांसद ने असम सरकार द्वारा मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और गैर-सरकारी उद्देश्य सहित अन्य गणमान्य लोगों के लिए हवाई यात्रा पर 58.23 करोड़ रुपये खर्च करने की रिपोर्ट पर चर्चा के लिए शुक्रवार को लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव को लेकर एक नोटिस दिया था।

## संपादकीय

### आरक्षण पर नेहरू और मोदी की सोच में फर्क क्या?

जिस दिन नरेन्द्र मोदी संसद के भीतर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोल रहे थे, वो अपनी सरकार में महिला, नौजवान आदि के नाम पर किये गये काम गिना रहे थे। इस बीच किसी विपक्षी सांसद ने यह कहकर टोक दिया कि आपने अल्पसंख्यकों का नाम नहीं लिया।

इस पर प्रधानमंत्री मोदी इतने नाराज हुए कि लगभग बिफरते हुए कहा कि कब तक समाज को टुकड़ों में बांटते रहोगे। अगर महिला कहा तो क्या सारी महिलाएं उसमें शामिल नहीं हैं? अगर नौजवान कहा तो क्या सारे नौजवान उसमें शामिल नहीं है? उनकी बात सही थी। सरकार के लिए नागरिकों में कोई भेद नहीं होता। इसलिए अल्पसंख्यक बहुसंख्यक का बंटवारा क्योंकर होना चाहिए?

धार्मिक अल्पसंख्यकों का नाम लिये जाने पर मोदी को गुस्सा संभवतः इसलिए आया क्योंकि वो हिन्दू वोटबैंक द्वारा चुनकर आते हैं। वहां वो समता और समानता का सिद्धांत कायम रख सकते हैं लेकिन वहीं पर जब बात दलितों की आती है तो उनकी भाषा बदल जाती है। उसी संसद में जब वो राज्यसभा में बोलने पहुंचे तो उनका यह समतावादी सिद्धांत स्वयं वोटबैंक की राजनीति का शिकार हो गया।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर ही राज्यसभा में बोलते हुए उन्होंने पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के एक पत्र की कुछ पंक्तियां पढ़ी जिसे उन्होंने उस समय राज्यों के मुख्यमंत्रियों को लिखा था। अंग्रेजी में लिखे इस पत्र के पहले पैरा का अनुवाद करते हुए मोदी ने बताया कि पंडित नेहरु ने लिखा था मैं किसी भी आरक्षण को पसंद नहीं करता और नौकरी में आरक्षण तो कतई नहीं। मैं ऐसे किसी भी कदम के खिलाफ हूं जो अकुशलता को बढ़ावा दे। जो दोयम दर्जे की तरफ ले जाए। प्रधानमंत्री मोदी ने हालांकि नेहरु की चिट्ठी का सिर्फ उतना ही हिस्सा पढ़ा जितना उनको राजनीतिक रूप से फायदेमंद लगा। वरना जिस पैरे का आधा हिस्सा ही मोदी ने पढ़ा था, उसी चिट्ठी के उसी पैरे में नेहरु लिखते हैं मैं चाहता हूं कि देश हर मामले में फर्स्ट क्लास बने। जैसे ही हम सेकेण्ड रेट को बढ़ावा देंगे, हम खत्म हो जाएंगे। इसके बाद नेहरु ने यह भी लिखा है कि पिछड़े समूहों के उत्थान का सिर्फ एक रास्ता हो सकता है कि उन्हें अधिक से अधिक शिक्षा की ओर ले आया जाए खासकर तकनीकी शिक्षा की ओर। लेकिन अगर हम जाति या धर्म के नाम पर आरक्षण की दिशा में आगे बढते हैं तो हम तेज तर्रार और प्रतिभावान लोगों को खो देंगे और दूसरे या तीसरे दर्जे का (देश) होकर रह जाएंगे। अपनी चिट्ठी में नेहरु आगे लिखते हैं मुझे यह जानकर दुख हुआ कि सांप्रदायिक विचारों के आधार पर आरक्षण का यह व्यवसाय कितना आगे बढ़ गया है। मुझे यह जानकर आश्चर्य हुआ कि पदोन्नति भी कभी-कभी सांप्रदायिक और जातिगत विचारों पर आधारित होती है। इस तरह से न केवल मूर्खता होती है, बल्कि विनाश भी होता है। आइए हम पिछड़े समूहों की हर तरह से मदद करें लेकिन दक्षता की कीमत पर कभी नहीं। प्रधानमंत्री मोदी ने तो चिट्ठी का उतना ही हिस्सा पढ़ा जितना उनके लिए राजनीतिक रूप से सही था क्योंकि इस हिस्से को पढ़कर वे कांग्रेस पार्टी को आरक्षण विरोधी और दलित विरोधी साबित करना चाहते थे। उन्होंने अपने भाषण में कहा भी कि ये लोग (कांग्रेस) तो जन्म से आरक्षण के विरोधी हैं। लेकिन इस पूरी चिट्ठी को पढ़ने के बाद तो शायद वे लोग भी नेहरु का विरोध नहीं करेंगे जिन लोगों तक मोदी यह संदेश पहुंचाना चाहते थे। नेहरु ने ऐसा कुछ नहीं कहा है जिससे उन्हें दलित विरोधी साबित किया जाए। हालांकि एक सत्य यह भी है कि संविधान सभा के निर्णय के चलते उनकी ही सरकार में अनुसूचित जातियों और जनजातियों को सरकारी नौकरी में दस वर्ष के लिए आरक्षण दिया गया। लेकिन दस वर्ष पूरे होने के बाद भी समय समय पर कांग्रेस की सरकारों द्वारा अनुसूचित जातियों और जनजातियों का दायरा बढ़ाया गया और अधिक से अधिक जातियों तक सरकारी नौकरी में आरक्षण का लाभ पहुंचाया गया। इसके अलावा एससी और एसटी के लिए आरक्षण का प्रतिशत भी बढ़ाया गया। जहां तक मोदी द्वारा संसद में नेहरु के भाषण का उल्लेख है तो उन्होंने यह बोलकर एक तरह से सेल्फ गोल ही किया है। मोदी राजनीतिक रूप से भले ही चाहे जो बयानबाजी करें लेकिन अगर दलित आरक्षण को लेकर नेहरु गलत थे तो मोदी सही हो सकते हैं? जब प्रमोशन में आरक्षण का मुद्दा पहुंचा तो सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार की मर्जी पर छोड़ दिया था कि वह चाहे तो प्रमोशन में आरक्षण दे या न दे।

## बसंत उतरगे मोर अंगना म ...

महर - महर महकत हे
सुरूर -सुरूर हवा बहत हे
अमरैया म कोयल कुहकत हे
मीठ - मीठ बोली बोलत हे
परछर हे मोर घर -अंगना ह
लईका मन के किलकारी ले गुंजत हे
टरटर ल घाम उतरगे मोर अंगना म
बसंत रितु आगे संदेस लेके
खेत -खार म फुलगे सरसों
घमघम ल
सुग्घर लागत हे अमरैया ह
महर -महर महकत हे
भंवरा मन झूमत हे
मोर अंगना म सुमत आगे
बर -विवाह के लगन धारागे
खुसी के रंग मन म छागे
बसंत उतरगे मोर अंगना म ...
नावा संदेस लेके सुरुज ह आगे
अमरैया म कोयल ह आगे
मीठ बोली बोलत हे
मन ल हरसावत हे
बसंत उतरगे मोर अंगना म



**लक्ष्मी नारायण लहरे साहिल**
कोसीर सारंगढ़
बिलाईगढ़ छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# क्या सचमुच अवैध अतिक्रमण का विरोध ही है हल्द्वानी की हिंसा?

सीएए के विरोध में पूर्वी दिल्ली के कुछ हिस्सों में 2020 में जिस प्रकार की हिंसा और उपद्रव किया गया था, हल्द्वानी की हिंसा ने उसकी याद ताजा कर दी है।

दिल्ली में एक समुदाय विशेष द्वारा बहुत सुनियोजित तरीके से पूर्वी दिल्ली को दंगे की आग में झोंक दिया गया था। उस समय जब पूरा देश शाहीनबाग में कुछ लोगों द्वारा आयोजित सीएए विरोधी प्रदर्शन पर नजर गड़ाये हुए था

तब उन्हीं में से कुछ लोग बड़े दंगे की तैयारी कर रहे थे। चुपचाप उन्होंने इतनी बड़ी तैयारी कर रखी थी कि जब हिंसा की शुरुआत हुई तो चार दिनों तक पूर्वी दिल्ली का एक हिस्सा जलता रहा।

कुछ वैसा ही मामला हल्द्वानी की हिंसा में भी दिखाई दे रहा है। जिस व्यापक स्तर पर पुलिस और आम जनता के खिलाफ हिंसा का खेल खेला गया है यह अचानक से उग्र हुई भीड़ की हिंसा नहीं है। यह एक सुनियोजित दंगा है जिसके पीछे भरपूर तैयारी दिखाई देती है। दिल्ली दंगों की तर्ज पर ही यहां भी बंदूकों का इस्तेमाल हुआ है। बोतलों का इस्तेमाल पेट्रोल बम बनाने के लिए किया गया है। हिंसा करनेवाले समुदाय के लोगों ने पूरी तैयारी के साथ हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके को तहस नहस करने का प्रयास किया है।

इस हिंसा में दो से छह लोगों के मरने की आशंका है और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। घायल होनेवालों में पुलिस बल के लोग भी शामिल हैं। पुलिसवाले खुद वीडियो बनाकर, टीवी पर आकर उस बर्बर और भयानक हिंसा का वर्णन कर रहे हैं जिसमें उनकी जान जाते जाते बची है। बनभूलपुरा पुलिस थाने को पूरी तरह से फूंक दिया गया है। कुछ पुलिसकर्मी अपनी जान बचाने के लिए एक मकान में घुस गये तो दंगाइयों ने उस घर को भी आग लगाने की कोशिश की। उन पर पेट्रोल बम फेंका, पत्थर बरसाये। जब घर नहीं जला पाये तो घर में घुसकर उस मकान मालिक को ही बुरी तरह मारा पीटा जिसने उन पुलिसवालों को जीवन बचाने के लिए शरण दी थी। इनमें शामिल एक महिला पुलिसकर्मी का कहना है कि ÷महिलाओं और पुरुषों की भीड़ छतों और सड़कों से लगातार पथराव कर रही थी। गलियों में जाम लगा दिया गया था ताकि हम बचकर न निकल पायें। बचने के लिए 15-20 पुलिसवाले जब एक घर के अंदर घुस गये तो भीड़ ने उस घर को ही आग लगाने की कोशिश शुरु कर दी। काफी देर बाद हमें वहां से निकालने के लिए फोर्स आयी। जब फोर्स हमें वहां से निकालकर ले जा रही थी तो छतों से फिर से पत्थरबाजी शुरु हो गयी। कांच की बोतलें भी फेंकी गयी जिससे कई पुलिसवाले घायल हो गये।÷ स्वयं हल्द्वानी की डीएम वंदना सिंह का कहना है कि जिस प्रकार की हिंसा की गयी है वह बिना सुनियोजित तैयारी के नहीं हो सकती। वंदना सिंह ने मीडिया बात करते हुए स्पष्ट कहा कि यह अतिक्रमण विरोधी कोई ऐसी कार्रवाई



नहीं थी जिसमें किसी समुदाय को जानबूझकर टार्गेट किया गया। हाईकोर्ट के आदेश के बाद सरकारी संपत्तियों को अतिक्रमण से मुक्त करने की कार्रवाई पहले से चल रही है। कुछ अतिक्रमण हटाये गये और जब यहां पहुंचे तो इस प्रकार की हिंसा की गयी। वंदना सिंह कहती हैं कि स्थानीय लोग इसे मलिक का बगीचा कहते हैं लेकिन सरकारी कागजों में यह सरकारी भूमि के रूप में दर्ज है। असल में जिस मदरसे और उसमें बनी मस्जिद को हटाने के बाद हिंसा शुरु की गयी वह सरकारी जमीन पर बना अवैध अतिक्रमण ही था। इसके पीछे अब्दुल मलिक नामक एक व्यक्ति है जिसने यहां सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से प्लाटिंग भी कर रखी है। प्रशासन जब उस अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए पहुंचा तो वहां तैयारी के साथ पुलिसवालों, नगर निगम कर्मचारियों पर हमला बोल दिया गया। हालात इतने बेकाबू हो गये कि गुरुवार की रात को ही उत्तराखण्ड सरकार ने केन्द्र से अतिरिक्त सुरक्षा बलों की मांग के साथ साथ दंगाइयों को देखते ही गोली मारने का आदेश भी जारी कर दिया था। लेकिन जिस प्रकार की तैयारी के साथ पुलिसवालों और जन सामान्य पर यह हमला हुआ है क्या सचमुच यह सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बने मदरसे का ही मामला लगता है? हिंसा की व्यावकता को देखते हुए इस पर विश्वास करना थोड़ा मुश्किल है। किसी भी समुदाय द्वारा क्या कुछ घण्टों में हिंसा की इतनी तैयारी की जा सकती है कि पुलिसवालों को भी अपनी जान के लाले पड़ जाएं? यहां पर यह विचार भी आता है कि क्या कोई समुदाय सदैव हिंसा की तैयारी किये बैठा रहता है जो चंद घण्टों में ही ऐसी हिंसा कर बैठता है कि देखते ही गोली मारने का आदेश देना पड़े? लेकिन इन दोनों ही सवालों से इतर एक तीसरा सवाल भी है क्या यह प्रदेश में लागू की गयी समान नागरिक संहिता पर एक समुदाय विशेष द्वारा दिया गया रिएक्शन है? याद करिए दिल्ली दंगों को। वहां भी कपिल मिश्रा के सिर्फ वहां जाने भर को मुद्दा बनाकर इतनी बड़ी हिंसा की गयी थी। उस समय भी घरों से ईंट पत्थर के अलावा पेट्रोल बम फेंके गये थे। कहा यही गया कि कपिल मिश्रा के भड़काने पर दंगा हुआ लेकिन असल मकसद बाद में पुलिस की जांच में सामने आया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भारत यात्रा के बीच में ही दंगाई कुछ बड़ा करना चाहते थे ताकि संदेश दूर तक जाए। उन्होंने वही किया भी।

सलिए ऐसे सुनियोजित दंगों या हिंसा को देखते समय सिर्फ वह नहीं देखा जाता जो सामने दिखाया जाता है। इसके पीछे एक लंबी तैयारी होती है। लोगों को सामूहिक रूप से तैयार करना होता है और धनबल भी खर्च होता है। इसलिए अब्दुल मलिक के बगीचे में किसी मदरसे पर अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की प्रतिक्रिया में इतनी व्यापक हिंसा हुई इसे स्वीकार कर पाना कठिन है। ऐसा लगता है कि इधर प्रदेश सरकार समान नागरिक संहिता को कैबिनेट में पास करके उसे विधानसभा में पास करने में व्यस्त थी और उधर दंगाई चुपचाप अपनी तरह से हिंसक जवाब देने की तैयारी कर रहे थे। अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई एक ट्रिगर प्वाइंट बन गया और दंगाइयों ने रातोंरात वह सब कर दिया जिसके लिए उनकी सामूहिक तैयारी थी। इस हिंसा में पुरुषों के अलावा मुस्लिम स्त्रियों का भी व्यापक स्तर पर शामिल होना संदेह पैदा करता है। बहरहाल, अब राज्य प्रशासन द्वारा इसकी व्यापक जांच में ही सच्चाई सामने आयेगी कि इतनी व्यापक हिंसा का असल उद्देश्य क्या था। लेकिन साथ ही साथ राज्य सरकार को हल्द्वानी के साथ हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में भी चौकसी और छानबीन बढ़ानी होगी। कोई आश्चर्य नहीं कि कल किसी न किसी बहाने से ये दोनों जिले भी दंगों की चपेट में ला दिये जाएं। आखिरकार उत्तराखंड की 90 फीसदी मुस्लिम जनसंख्या तो इन्हीं तीन जिलों में रहती है। खासकर हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में जहां मुस्लिम चरममपंथियों का जबर्दस्त प्रभाव है। अगर प्रदेश में शांति और व्यवस्था को बनाकर रखना है तो प्रदेश सरकार को अतिरिक्त सक्रियता दिखानी ही होगी, नहीं तो हिंसक उपद्रवी हावी होते जायेंगे।

**-संजय तिवारी-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# केरला स्टोरी के बाद अब द बस्तर स्टोरी की बारी

नक्सलियों पर यूं तो कई फिल्में बनी हैं, लेकिन चाहे वो प्रकाश झा की चक्रव्यूह हो या फिर हाल ही में आई विशाल भारद्वाज के बेटे की मूवी कुत्ते। लेकिन हर मूवी में मुख्य पात्रों को नक्सली क्यों बनना पड़ा जैसी सुहानूभूति या उनकी भी जंग एकदम गलत नहीं है, ये दिखाया जाता रहा है। यहां बिना लागलपेट के साफ समझ में आता है कि सबका मालिक से मतलब मोदी से ही है। ऐसा ही हाल बस्तर में शहीद हुए 76 सीआरपीएफ जवानों पर बनी पहली मूवी का हुआ था। नाम था फिल्म में दिखाया गया कि कैसे आईपीएस ऑफिसर आदिल खान (अर्जुन रामपाल) अपने दोस्त कबीर (अभय देयोल) को नक्सली राजन (मनोज बाजपेयी) के गैंग में घुसा देता है, और नक्सलियों के खिलाफ कई ऑपरेशंस को अंजाम देता है। इस फिल्म में बाद में एक नक्सली लड़की के जरिए उनकी लड़ाई को सुहानूभूति का जामा पहनाकर अभय का हृदय परिवर्तन दिखाया जाता है। ऐसे में ना तो मूवी के साथ न्याय हुआ और ना ही बलिदान हुए 76 सीआरपीएफ जवानों के साथ। ओमपुरी के रूप में कोबाड़ गांधी का नक्सलियों को मार्गदर्शक का रोल दिखाकर प्रकाश झा ने साफ कर दिया कि नक्सलियों से उनकी भी सुहानूभूति है। लेकिन बस्तर द नक्सल स्टोरी के टीजर ने साफ कर दिया है कि नक्सलियों से कोई सुहानूभूति नहीं होगी। सीधे जवानों की शहादत, उनकी मौत का जश्न मनाने वाले छात्र नेताओं, छात्र संगठनों, उनको बौद्धिक खुराक देने वाले वामपंथी बुद्धिजीवियों पर निशाना होगी कि कैसे 76 जवान देश के लिए मारे



जाते हैं और उनकी शहादत पर गम की बजाय जेएनयू में खुशी का जश्न मनाया जाता है। इस टीजर में अभी तक बस एक किरदार ही लांच किया गया है और वो हैं द केरला स्टोरी की भी नायिका रही अदा शर्मा। उस मूवी में वो लगातार पीड़िता की भूमिका में डरी सहमी रहीं तो इस मूवी के टीजर में उनके तेवर व पद (आईपीएस नीरजा माधवन) बता रहा है कि इस बार दमदार रोल में होंगी। बदले माहौल में निर्माता विपुल शाह और निर्देशक सुदीप्तो सेन ने ये फॉर्मूला निकाला है कि कम बजट में बिना किसी बड़े हीरो के ऐसा विषय उठाया जाए जो विवादित हो, दक्षिणपंथियों के दिल के करीब हो और किसी ने भी उसे इस तरह से सीधे हमले के रूप में न उठाया हो। हालांकि ये काफी हिम्मत का काम भी है, क्योंकि द केरला स्टोरी से कट्टर मुस्लिमों और बस्तर द नक्सल स्टोरी के जरिए वामपंथियों और नक्सलियों के निशाने पर उनका आना तय है। घटना कुछ इस प्रकार है कि 6 अप्रैल 2010 को भाजपा के स्थापना दिवस पर बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा में सीआरपीएफ जवानों पर घातक हमला करके 76 जवानों को मार दिया गया था। शायद इसीलिए सुदीप्तो सेन और विपुल शाह ने जून 2023 में जब अपनी इस मूवी का ऐलान किया था तब इसकी रिलीज की तारीख 5 अप्रैल रखी थी। यानी इस हत्याकांड की बरसी से ठीक एक दिन पहले। लेकिन अब जो टीजर जारी किया गया है उसमें फिल्म की रिलीज की तारीख 15 मार्च यानी 20 दिन पहले कर दी गई है। शायद इमोशनल तारीख 5 अप्रैल चुनने से बेहतर उन्हें चुनावी माहौल में 20 दिन पहले रिलीज ज्यादा फायदे की लगी होगी।

ऐसे में अब भी विपुल-सुदीप्तो ने अदा शर्मा के अलावा कोई बड़ा स्टार नहीं लिया है। यशपाल शर्मा, राइमा सेन, शिल्पा शुक्ला, अनंग्सा विश्वास और गोपाल सिंह जैसे नाम साथ में होंगे। या तो उनको अपनी कहानी पर जरुरत से ज्यादा भरोसा है, या फिर वैक्सीन स्टोरी की तरह विवेक अग्निहोत्री वाला अति आत्म विश्वास। हालांकि आम लोगों को 76 जवानों, जेएनयू का जश्न आदि अभी तक याद है। न्यूज चैनल्स भूलने नहीं देते। ऐसे में लोगों के मन में सवाल है कि नया क्या होगा? पिछले साल पोस्टर में निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने कहा था कि छिपा हुआ सच जो देश में तूफान लेकर आएगा। इसके बाद उन्होंने यह भी बताया था कि एक दिलचस्प सच्ची घटना देखने के लिए तैयार हो जाइए जो आपको हैरान कर देगी। सुदीप्तो सेन का भी दावा है कि उन्होंने कई साल बस्तर जाकर रिसर्च किया है। इससे ऐसा लगता है कि फिल्म के जरिए वो जमीनी सच्चाई दिखाने की कोशिश करेंगे। यह कोशिश कितनी सफल होती है यह तो बॉक्स आफिस कलेक्शन ही बतायेगा।

द केरला स्टोरी ने बेहद कम बजट में 300 करोड़ की कमाई की थी। ऐसे में विपुल-सुदीप्तो की जोड़ी ने जिन तेवरों के साथ द बस्तर स्टोरी का टीजर लांच किया है, उससे लगता है, इससे भी ज्यादा उम्मीदें उन्हें बस्तर के साथ होंगी। हालांकि ये भी माना जा रहा है कि कहानी केवल एक दंतेवाड़ा घटना की ही नहीं होगी बल्कि नक्सलवाद की शुरूआत से लेकर अर्बन नक्सल पर भी बात होगी। ऐसे में सुदीप्तो सेन के लिए ये मूवी बड़ी चुनौती है, क्योंकि अगर ये मूवी नहीं चली तो उन पर वन फिल्म वंडर का टैग लग जाएगा और अगली मूवी के लिए प्रोडयूसर मिलना भी मुश्किल होगा। शायद इसीलिए टीजर में ही खौफनाक डॉयलॉग जारी किया गया है कि इन वामपंथियों को सड़क पर खड़ा करके सरेआम गोली मार दूंगी, फिर चाहे फांसी चढ़ा देना।

**-विष्णु शर्मा-**

# जयंत को साथ लाकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अजेय होना चाहती है भाजपा

मायावती के इंडिया गठबंधन में शामिल होने से मना करने के बाद अब मोदी और शाह की योजना जयंत चौधरी को अपनी ओर करने की है। ऐसा वो पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सभी 14 सीटों को जीतने के लिए करना चाहते हैं।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के लिए कितना महत्व रखता है इसको इस बात से समझा जा सकता है कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के ठीक तीन बाद 25 जनवरी को मोदी ने कल्याण सिंह की कर्मभूमि रही बुलंदशहर में रैली की। मोदी ने इस रैली में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को याद किया और कई बार राम मंदिर आंदोलन में उनके योगदान और राम मंदिर का जिक्र किया। मोदी ने अपने भाषण को विकास से ज्यादा राम पर केन्द्रित किया। मोदी उत्तर प्रदेश की इस भूमि से हिन्दुत्व का संदेश देकर गए। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 के चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश से की थी। वो 2014 में मुजफ्फरनगर में हुए दंगो का जिक्र कर हिन्दुओं को जागृत होने का संदेश दे गए थे। 2014 में मोदी के संदेश का असर ऐसा हुआ था कि भारतीय जनता पार्टी पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सभी 14 सीटें जीत गई थी। लेकिन 2019के आम चुनाव में इसी पश्चिमी उत्तर प्रदेश ने भाजपा को तगड़ा झटका दिया था जब इस क्षेत्र से भाजपा 7 सीटें हार गयी थी। से सीटें थीं, बिजनौर, सरहानपुर, अमरोहा, नगीना, संभल, मुरादाबाद और रामपुर। 2019 में बसपा, सपा और जयंत चौधरी की आरएलडी ने गठबंधन में चुनाव लड़ा था। बहुजन समाज पार्टी ने बिजनौर, सहारनपुर, अमरोहा और नगीना सीट जीती थी, वहीं समाजवादी पार्टी ने संभल, मुरादाबाद और रामपुर सीट जीतीथी।

भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बागपत, बुलंदशहर और कैराना लोकसभा सीट जीती थी। इसीलिए इस बार भारतीय जनता पार्टी सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील इस क्षेत्र में हिन्दुत्व को आगे रखकर अपनी चुनावी रणनीति का तानाबाना बुन रही है। 25 जनवरी को बुलंदशहर में मोदी की रैली के दौरान जनता के जय श्री राम का नारा लगाने पर मोदी का मंद मंद मुस्कराना और नारों के बीच कुछ सेंकड के लिए अपना भाषण रोक देना इस बात को बताने के लिए काफी था कि इस बार राम मंदिर का असर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हो रहा है जो मोदी के लिए संतोष की बात है। किसान आंदोलन से सबसे ज्यादा प्रभावित रहे इस क्षेत्र में संगठन को चुस्त दुरूस्त करने के लिए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पिछले साल जून में कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक कर संगठन को सक्रिय कर दिया था। वहीं 2019 में हारी 7 सीटों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश के पूर्व संगठन महामंत्री सुनील बंसल को इन हारी हुई 7 सीटों का प्रभारी बनाया गया है। इन हारी हुई सीटों पर मोदी सरकार के एक केन्द्रीय मंत्री को क्षेत्र में लगातार भेजकर संवाद से समर्थन कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके अलावा इन सीटों पर राज्यसभा सांसदों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की जिम्मेदारी सौंपकर मोदी की योजनाओं को घर घर तक पहुचाने के काम पर लगाया गया है। पश्चिमी उत्तर पद्रेश के जाट मतदाताओं को भाजपा कितनी गंभीरता से ले रही है, इसको इस बात से भी समझा जा सकता है कि उत्तर प्रदेश के इतिहास में पहली बार भाजपा ने किसी जाट भूपेन्द्र चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपकर जाटों को संदेश देने की कोशिश की है। फिर भी पश्चिमी यूपी में जातिगत समीकरण साधना भाजपा के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण है। पश्चिमी यूपी में दरकते जाट वोट को साधने के लिए मोदी और शाह हर संभव कोशिश कर रहे है। जयंत चौधरी के अखिलेश के साथ गठबंधन होने के बाद भी अमित शाह इस कोशिश में जुटे हैं कि जयंत को सम्मानजनक स्थान देकर एनडीए में लाया जाए। खबर है कि अमित शाह खुद जयंत से दो बार बात कर चुके हैं। मोदी ओर शाह की जोड़ी जानती है कि उत्तर प्रदेश में मायावती के अखिलेश से अलग होने के बाद अब यदि जयंत चौधरी को भी अखिलेश से अलग कर दिया जाता है तो पश्चिमी यूपी की सभी 14 सीटें जीतने में भाजपा की राह आसान हो जाएगी।



2019 के चुनाव में जयंत चौधरी की आरएलडी सपा के साथ गठबंधन में मुजफ्फरनगर, बागपत और मथुरा सीट पर लड़ी थी और तीनों सीटों पर हार गई थी। हालांकि बाद में जयंत चौधरी अखिलेश यादव के सहयोग से राज्यसभा भेजे गए थे। अखिलेश यादव ने जयंत चौधरी को सात सीटें देने की घोषणा की है लेकिन जयंत चौधरी राम मंदिर का असर भी जमीनी स्तर पर महसूस कर रहे हैं। जयंत चौधरी जानते हैं कि मायावती के अलग होने के बाद सिर्फ सपा उनकी उम्मीदों को पूरा नहीं कर सकती है। जयंत चौधरी पर 2022 में उनके जीते हुए आठ विधायक भी इस बात का दबाव बना रहे हैं कि जयंत भाजपा से गठबंधन की राह तलाशें जिससे उत्तर प्रदेश की सरकार और केन्द्र की सरकार में कुछ हिस्सा आरएलडी को मिल सके। अगर जयंत चौधरी एनडीए में चले जाते हैं तो भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश की 77 सीटें जीतने के अपने लक्ष्य के करीब पहुच जाएगी। जबकि समाजवादी पार्टी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जाट मुस्लिम गठजोड़ के भरोसे है। समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद जावेद अली खान खासतौर पर पश्चिमी यूपी के मुसलमानों को अखिलेश के साथ एकजुट करने में जुटे हैं। ऐसे में जयंत चौधरी सपा का साथ छोड़ते हैं तो अखिलेश यादव के जाट मुस्लिम गठजोड़ की कोशिश का धराशाही होना तय है।

लोकसभा से इतर अगर विधानसभा चुनावों की बात करें तो 2022 में पश्चिमी यूपी की 71 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 41 सीटें जीती थी। समाजवादी पार्टी ने 22 और राष्ट्रीय लोकदल ने 8 सीटें जीती थी। बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला था। 2022 के विधानसभा चुनाव में 17 जाट विधायक उत्तर प्रदेश विधानसभा पहुंचे थे, जबकि 2017 के विधानसभा चुनाव में 14 जाट विधायक विधानसभा पहुंचे थे। उस समय 13 जाट विधायक भारतीय जनता पार्टी से थे और एक आरएलडी से था। इसलिए इतना तो कहा ही जा सकता है कि जमीनी स्तर पर पश्चिमी यूपी में भाजपा दूसरे दलों से अधिक मजबूत स्थिति में है। लेकिन अब जयंत चौधरी को साथ लाकर वह अजेय होना चाहती है। जयंत चौधरी भाजपा के साथ आते हैं या सपा के साथ रहते हैं, यह आने वाले कुछ दिनों में तय होगा लेकिन यह तय है कि उत्तर प्रदेश की असली लड़ाई पश्चिमी यूपी में देखने को मिलेगी जहां भाजपा मोदी के काम से ज्यादा राम के नाम और जातिगत समीकरणों पर दांव चलेगी।

यहां भाजपा मोदी मैजिक पर निर्भर है और मोदी राम के नाम पर निर्भर हैं। ऐसे में इस बार लोकसभा चुनाव में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की लड़ाई दिलचस्प होने वाली है इसमें काई दो राय नहीं।

**-समीर चौगांवकर-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## मुझे डर है

मुझे डर है यार से जो हंस छुरा घोंपता है।
मुझे डर है तैराक सेजो भंवर में डूबता है।
मुझे डर है दौलत सेजो बेईमान बनाती है।
मुझे डर है चोरी से जो हवालात दिखाती है।
मुझे डर है सच्चाई से जो अपने गैर बनाती है।
मुझे डर है अभियान सेजो सिर नीचा कराता है।
मुझे डर है काजल से जो कलंक लगाता है।
मुझे डर है तरक्की से जो ईर्ष्यालु बनाती है।
मुझे डर है सुंदरता से जो दृष्टि भ्रमाती है।
मुझे डर है मर्यादा से जो दरिंदगी नचाती है।
मुझे डर है सज्जनता से जो दुष्टता करवाती है।
मुझे डर है कटघरे सेजो झूठ सिखाता है।
मुझे डर है मन सेजो बगल में छुरी
मुंह राम-राम जपता है। मुझे डर है कर्तव्य से
जो मात- पिता को वृद्धाश्रम भेजता है।
मुझे डर है मिठास से जो कड़वाहट घोलती है।
मुझे डर है ईमानदारी से जो मासा- रत्ती तोलती है।



**अनिल कौशिक**
क्योड़क,कैथल

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## मेरा पति

मेरा पति लाखो मे एक,
सबसे अलग सबसे खास,
मेरा पति मेरे दिल के पास,
हाँ! माना थोड़ा अकरू है,
मगर दिल का जान है मेरा,
हर किसी का अभिमान है वो,
मगर मेरा स्वाभिमान, मान-सम्मान है वो,
अधिकार मुझे बहुत देता,
मगर प्यार से डराता है,
अपना काम को खूब करता है ,
मगर मुझे नजर अंदाज नही करता,
दुनिया की हर खुशियाँ,
मेरे कदमो मे रखता है,
खुद हर दर्द सहता है,
प्यार तो बहुत करता है वो,
मेरा पति लाखो मे एक,
सबसे अलग सबसे खास,
मेरा पति मेरे दिल के पास।।



**मुस्कान केशरी**
मुजफ्फरपुर
बिहार

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## छाता और बारिश

बारिश न होने के लिए
जैसे कोई छाता पकड़ रहा हो
जिंदगी आज है इसमें से है
उस अर्थ में बारिश क्या बारिश होगी क्या
बारिश नहीं हो रही है? बढ़िया है
प्रश्न चिह्न लेकिन मैं हूं
मेरे हाथ में छाता है आने वाली बारिश
के लिए नहीं मौसम परिवर्तनशील
उस बारिश के लिए जो नहीं आई...



**ओत्तेरी सेल्वा कुमार,**
चेन्नई,
तमिलनाडु

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# यात्रा कांग्रेस के लिये नहीं, बल्कि देश में लोकतंत्र को पुर्नस्थापित करने के लिये है : टीएस सिंह देव

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 10 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा संभाग में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सांसद राहुल गांधी की भारत जोडो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिये आज सरगुजा संभाग के छहों जिला संगठनो की बैठक सरगुजा संभाग में यात्रा के प्रभारी टीएस सिंहदेव के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

बैठक को संबोधित करते हुए टीएस सिंहदेव ने कहा कि यात्रा कांग्रेस के लिये नहीं, बल्कि देश में लोकतंत्र को पुर्नस्थापित करने के लिये है। यात्रा के रुट में सरगुजा संभाग को शामिल करने के लिये स्थानीय तौर पर कोई मांग नहीं की गई थी बावजूद इसके सरगुजा संभाग को महत्वपूर्ण मानते हुए राहुल गांधी ने इसे अपने रुट में शामिल किया है। सरगुजा के प्रति उनके इस संवेदनशील रुख का सम्मान करते हुए यात्रा को अभूतपूर्व रुप से सफल बनाना संभाग में समूचे संगठन की जवाबदेही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश में गरीबों के लिये आय की असमानता, युवाओं के लिये रोजगार, महिलाओं के लिये सम्मान, किसानो के उन्नति के लिये, श्रमिकों के बेहतर जीवन के लिये और लोकतंत्र में आमजन की भागीदारी के लिये संघर्ष कर रहे है। ऐसे में हमारा कर्तव्य बनता है कि हम उनकी यात्रा को सफल बनायें।



टीएस सिंहदेव ने कांग्रेसजनो के साथ ही सरगुजा के आमजनों का आवाहन किया है कि संघर्ष की इस लडाई में सहयोग देवें। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश कांग्रेस के सहप्रभारी श्री चंदन यादव ने कहा कि सरगुजा आंचल में यात्रा की सफलता से एक राजनैतिक संदेश जायेगा, जो कि अगामी लोकसभा चुनावों के लिये भी महत्वपूर्ण रहेगा।

ऐसे में सरगुजा संभाग में कांग्रेस के संगठन को यात्रा को सफल करने की बडी जवाबदेही है जिसे उसे पूर्ण करना है। बैठक को छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सहप्रभारी विजय जांगिड ने भी संबोधित किया। बैठक के दौरान डॉ. प्रेमसाय सिंह,अमरजीत भगत, खेलसाय सिंह, डॉ. प्रीतम राम, पारस राजवाडे, अम्बिका सिंहदेव, विनय भगत, बालकृष्ण पाठक, पवन अग्रवाल,अजय अग्रवाल,डॉ. अजय तिर्की, आरती सिंह, फुलकेरिया भगत, मधु सिंह, द्वितेन्द्र मिश्रा, राकेश गुप्ता, नजीर अजहर, भगवती राजवाडे, हेमंत सिन्हा, विनय शर्मा, विक्रमादित्य सिंह, रमेश सिंह, योगेश शुक्ला, मो. इस्लाम, संजय विश्वकर्मा, कृपा गुप्ता सहित बडी संख्या में संभाग के छहो जिला संगठन के लोग मौजूद थे।

## राहुल गांधी का प्रस्तावित यात्रा कार्यक्रम

छत्तीसगढ में न्याय यात्रा सबसे अधिक अवधि के लिये सरगुजा संभाग में रहेगी। यात्रा संभाग के तीन जिलों सूरजपुर, सरगुजा और बलरामपुर से होकर निकलेगी। बैठक के दौरान यह जानकारी मिली है कि सोमवार 12 फरवरी को राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोडो न्याय यात्रा कोरबा जिले से संभाग के सीमा तारा गांव में पहुँचेगी, जो ग्राम शिवनगर में रात्री विश्राम करेगी। 13 फरवरी को यात्रा उदयपुर में रामगढ चौक से प्रातः 8 बजे प्रारंभ होगी, जो करीब 11 बजे अम्बिकापुर पहुँचेगी। दोपहर 2 बजे अम्बिकापुर में कलाकेन्द्र मैदान पर आमसभा होगी। आमसभा उपरांत यात्रा 4 बजे अम्बिकापुर से रवाना होगी, जो सरगुजा जिले से निकलकर बलरामपुर जिले के ग्राम झींगों में पहुंचे रात्री विश्राम करेगी। 14 फरवरी को यात्रा बलरामपुर, रामानुजगंज होते हुए झारखंड राज्य में चली जायेगी।

# बैंक में ही हो गया एक व्यक्ति 50 हजार रुपए उठाइगिरी का शिकार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 10 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

एसबीआई बैंक के मुख्य शाखा में शुक्रवार को एक व्यक्ति उठाइगिरी का शिकार हो गया। वह बैंक से 50 हजार रुपए निकालकर जेब में रखा था और अपना बैंक का पासबुक अपडेट करा रहा था। कुछ देर बाद देखा तो जेब में रुपए नहीं थे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिला पर संदेह किया गया है। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



जानकारी के अनुसार सुखनाथ राम राजवाड़े कोतवाली क्षेत्र के भकुरा नवापारा का रहने वाला है। वह शुक्रवार को एसबीआई बैंक के मुख्य शाखा से 50 हजार रुपए निकाला था। रुपए को जेब में रखा था और बैंक के अंदर ही अपना पासबुकट अपडेट करवाने के लिए लाइन में खड़ा था। काफी देर तक खड़े रहने के कारण थक गया और पास के ही कुर्सी पर बैठ गया। पास में एक अज्ञात महिला भी थी। कुछ देर बाद पुनः पासबुक अपडेट कराने लाइन में गया और अपना जेब चेक किया तो रुपए नहीं थे। वह इसकी जानकारी बैंक के कर्मचारियों को दी। बैंककर्मियों द्वारा सीसीटीवी फुटेज देखा गया तो कुर्सी के पास बैठी महिला पर संदेह किया गया है। महिला बैंक से फरार हो गई थी। सुखनाथ ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## निगम के बाहर से बाइक चोरी,जुर्म दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 10 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

नगर निगम के बाहर से एक व्यक्ति की बाइक अज्ञात चोरों ने पार कर दी। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार हर्ष शर्मा शहर के डीसी रोड का रहने वाला है। वह शुक्रवार को अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 डीयू 1007 से नगर निगम राशन कार्ड नवीनिकरण कराने गया था। वह बाइक को निगम के बाहर खड़ा किया था। 15 मिनट बाद जब वह बाहर निकला तो उसकी बाइक नहीं थी। किसी अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गई थी। वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जंच शुरू कर दी है।

## सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 10 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।







सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय अंबिकापुर में वार्षिक खेल उत्सव के दौरान आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वोट vote × 18+ का सिम्बोल बना कर छात्र - छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। जिसमे सरगुजा की स्वीप टीम द्वारा युवाओं व उपस्थित जनों को शत- प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया । इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी एवं स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी गिरीश गुप्ता जन शिक्षण संस्थान सरगुजा के निदेशक एवं सिद्ध की शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रद्धा मिश्रा, नोडल प्राध्यापक से रानी रजक, क्रीड़ा प्रभारी स्वाति, कैंपस एंबेसडर सुमन सहित सर्वसम्बन्धित उपस्थित थे।

## युवती ने की अज्ञात कारण से कीटनाशक सेवन,मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 10 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

झारखंड के भंडरिया निवासी एक युवती दो दिन पूर्व अज्ञाता कारण से कीटनाशक सेवन कर ली थी। उसे इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार आरती कुमारी पिता बिन्दू राम उम्र 19 वर्ष ग्राम मदगड़ी थाना भंडरिया झारखंड की रहने वाली थी। गुरुवार को वह अज्ञात कारण से कीटनाशक सेवन कर ली थी। परिजन उसे इलाज के लिए रमानुजगंज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा निकाली गई नशामुक्ति जन जागरुकता रैली



- संवाददाता -
सूरजपुर, 10 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

जिले के रामानुजनगर विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवनगर के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी विजेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में ग्राम पंचायत तेजपुर के शासकीय प्राथमिक शाला भवन में राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। इस शिविर का थीम नशा मुक्त समाज के लिए युवा रखा गया है। इस सात दिवसीय शिविर में विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में शिविर के पांचवे दिन शिविर के स्वयंसेवकों द्वारा हाथों में नशा मुक्ति से संबंधित नारे लिखे तख्तियां लिए तेजपुर ग्राम पंचायत के माझापारा, खालपारा, उरांवपारा में नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को खासतौर पर युवाओं को नशे से होने वाली हानि के बारे में जागरूक करते हुए नशा छोड़ने की अपील की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े स्वयंसेवियों की ओर से चलाए जा रहे इस जन जागरूकता अभियान को ग्रामीणों द्वारा सराहा जा रहा है ।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पहली बार राज्य स्तरीय सम्मेलन व कार्यशाला का आयोजन

### राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विषय विशेषज्ञ ने विभिन्न प्रकार के रोगों के निदान की दी जानकारी

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 10 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर पैथोलॉजी विभाग द्वारा पहली बार तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार को शोध पत्र पढ़े गए। कार्यक्रम में देश एवं प्रदेश से लगभग 200 प्रतिभागियों द्वारा भाग लिए। चिकित्सा महाविद्यालयों के चिकित्सा शिक्षक एवं स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं भाग लेकर निसंदेह अपने ज्ञान में अद्यतन वृद्धि करेंगे, जिसका सीधा लाभ अंचल के मरीजों को मिलेगा। सम्मेलन में प्रदेश एवं अन्य राज्यों से लगभग 200 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसमें नये-नये पद्धतियां से जांच की सुविधा एवं विधियों के बारे में जानकारी दी गई। उक्त सम्मेलन में राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के विषय-विशेषज्ञ सम्मिलित हुए हैं। जिसमे पुडुचेरी,तामिलनाडू से डॉ. देबदता बासु द्वारा रक्त में विभिन्न




प्रकार के रोगों के निदान की बारे में जानकारी दी गई। वहीं कोलकत्ता से आए डॉ. असीतवा मण्डल द्वारा मुंह के विभिन्न प्रकार के कैंसरों के निदान की जानकारी दी गई। एम्स पटना के डॉ. श्रीकांत भारती द्वारा शरीर के शॉफ्ट टिसु में होने वाले कैसरों की जांच नई पद्घातियों की जानकारी दी गई। बिलासपुर के डॉक्टर प्रभात श्रीवास्तव पैथोलॉजी में विषिष्ट कार्य हेतु के लिए उन्हें लाईफ टाईम अचीवमेंट अवर्ड से सम्मानित किया गया। मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने बताया कि इस प्रकार के आकदामिक गातिविधियों से चिकित्सा सेवा के गुणवत्ता में अधिक सुधार आयेगा। विभागाध्यक्ष डॉ.आरसी आर्या द्वारा उक्त सम्मेलन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह सम्मेलन अभी 1 दिन और चलेगा। जिसमें पैथोलाजी विषय में नित नये शोध पर शोध पात्रिकाएं पढ़े जाएंगे। उक्त कार्यशाला एवं सम्मेलन में एक प्रत्रिका भी तैयार की गई है जिसका संचालक चिकित्सा शिक्षा की उपस्थिति में अन्य आमंत्रित विषय-विशेषज्ञों के समक्ष विमोचन किया गया।

# सम्भागायुक्त ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ली बैठक

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 10 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।




सरगुजा सम्भागायुक्त जीआर चुरेन्द्र ने गुरुवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की बैठक ली। इस दौरान सरगुजा संभाग के समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा सम्भागायुक्त को जिले में सीजीएमएससी द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों के धीमी गति से होने की जानकारी दी गई। इस पर संभागायुक्त ने सीजीएमएससी के अभियंताओं को जिलों में कराये जाने वाले निर्माण कार्यों को तेज गति से करने एवं अविलम्ब निर्माण कार्य को पूर्ण कर विभाग को हस्तांतरित करने हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को सीजीएमएससी द्वारा उनके जिले में किए जा रहे निर्माण कार्यों का स्थल पर जाकर प्रत्येक सप्ताह निरीक्षण करने हेतु निर्देश दिए गए। मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता द्वारा अवगत कराया गया कि सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल की स्थापना हेतु अतिरिक्त भूमि आबंटन के लिए जिला प्रशासन को पत्र प्रेषित किया गया है। वहीं चिकित्सा महाविद्यालय संबंद्ध चिकित्सालय में स्थापित ब्लड बैंक की क्षमता 500 युनिट रक्त संग्रहण का होना बताया गया। ब्लड कम्पोनेन्ट थेरेपी की स्थापना कर शीघ्र प्रारंभ होने की संभावना है, इस हेतु लाईसेंस प्रदाय संबंधी पत्र प्रेषित किया जाना बताया गया। चिकित्सा महाविद्यालय में ग्रीन कॉरीडोर की व्यवस्था हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। अधिष्ठाता ने संभागायुक्त को बताया कि एसईसीएल के सीएसआर मद से सीटी मशीन विगत चार वर्षो से सफलतापूर्वक मरीजों के उपयोग हेतु संचालित है। एमआरआई मशीन स्थापित किए जाने हेतु एसईसीएल से राशि सीजीएमएससी को हस्तांतरित किए जा चुके हैं एवं शासकीय मद से राशि उपलब्ध कराए जाने हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है। चिकित्सालय भवन के मरम्मत एवं रिनोवेशन के कार्य हेतु सीएसआर मद से अनुमानित राशि की आवश्यकता होना बताया गया। चिकित्सालय में सुविधाओं के विस्तार हेतु सीएसआर मद से अनुमानित राशि की आवश्यक्ता होना बताया गया। संभाग अन्तर्गत जिलों में ब्लड बैंक का संचालन किया जा रहा है उक्त ब्लड बैंक का संचालन शासन द्वारा जारी गाईडलाईन अनुसार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा जिन जिलों में ब्लड बैंक का संचालन वर्तमान में नहीं किया जा रहा है उन्हे शासन को ब्लड बैंक हेतु लाईसेंस प्रदान किये जाने हेतु पत्राचार करने निर्देशित किया गया।

# संभागस्तरीय पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों के बीच हुई समन्वय बैठक



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 10 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संभागस्तरीय पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों के बीच समन्वय बैठक पुलिस को ऑर्डिनेशन सेंटर अंबिकापुर में हुई। बैठक में संभागायुक्त,आईजी, सीसीएफ शामिल रहे। बैठक में संभाग के समस्त जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षकों के साथ चुनाव संबंधी रणनीति तैयार की गई। संभागायुक्त ने कहा कि जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ सम्पूर्ण जिले में शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्र वातावरण में चुनाव सम्पन्न कराना है। चुनाव के दौरान किसी भी तरह के अवैध मादक पदार्थो के तस्करी एवं अवैध कारोबार करने वाले के विरुद्ध अंकुश लगाया जाय व अपराधी गतिविधियों पर नियंत्रण रखने हेतु सूचना तंत्र को मजबूत बनाने के संबंध निर्देश दिए गए। जिलों से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों का आवागमन होता है उन सभी क्षेत्रों को चिन्हांकित कर नाका प्वाईंट लगाने व गुण्डा-बदमाश, अपराधियों एवं स्थायी वारंटियों के धरपकड़ की कार्रवाई के साथ-साथ बाउन्ड ओवर की कार्रवाई की जाए। संयुक्त समन्वय मीटिंग का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव के दौरान जिलों के पुलिस एवं प्रशासन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की आपसी समन्वय स्थापित कर शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से करना हम सब सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान आईजी ने समस्त पुलिस अधीक्षकों से अपराध समीक्षा, कानून व्यवस्था व चिटफण्ड के प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। आईजी ने संभाग के सभी एसपी को सख्त दिर्नेश देते हुए कहा है कि अपने-अपने जिले में अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगाएं। तस्करों के साथ-साथ कोच्चियों के विक्रेताओं के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक कार्रवाई करें।

# जयशंकर ने सैलानी एवेन्यू का किया दौरा, भारतीय समुदाय के लोगों से की मुलाकात



**मेलबर्न, 10 फरवरी 2024।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ऑस्ट्रेलिया के पर्थ की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। शनिवार को उन्होंने यहां सैलानी एवेन्यू का दौरा किया और भारतीय समुदाय के नेताओं और जाने-माने लोगों से मुलाकात की। सैलानी एवेन्यू सड़क का नाम भारतीय मूल के सैनिक नैन सिंह सैलानी के नाम पर रखा गया है।

जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, पर्थ में सैलानी एवेन्यू का दौरा किया। इस स्थान का नाम ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के सैनिक नैन सिंह सैलानी के नाम पर रखा गया है। हमारे कुछ दिग्गजों और भारतीय समुदाय के नेताओं से मिलकर खुशी हुई।

सैलानी 1885 में 22 साल की उम्र में भारत से ऑस्ट्रेलिया आए थे। शुरुआत में वह पर्थ से करीब 400 किलोमीटर उत्तर में गेराल्डन शहर में रहते थे। यहां वह एक मजदूर के रूप में काम करते रहे। यहां फरवरी 1916 में पहले विश्व युद्ध के दौरान वह पर्थ में ऑस्ट्रेलियाई इंपीरियल फोर्स की 44 वीं इन्फ्रैंट्री बटालियन में शामिल हुए थे। बेल्जियम अभियान के दौरान उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे।

इससे पहले विदेश मंत्री जयशंकर ने अपनी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से मुलाकात की। जयशंकर ने एक्स पर लिखा, मेरी मित्र विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ सातवें हिंद महासागर सम्मेलन के दूसरे दिन सुबह की चर्चा में शामिल हुआ। हमने भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों, हिंद महासागर और हिंद-प्रशांत के अपने साझा हितों पर चर्चा की।

जयशंकर दो दिवसीय सातवें हिंद महासागर सम्मेलन के लिए ऑस्ट्रेलियाई शहर पर्थ में हैं। यह सम्मेलन हिंद महासागर क्षेत्र के सभी देशों के लिए सुरक्षा और विकास के लिए एक प्रमुख परामर्शी मंच है। इसे भारतीय विदेश मंत्री के इंडिया फाउंडेशन के जरिए हर साल आयोजित किया जाता है। इस सम्मेलन में 22 से ज्यादा देशों के मंत्रियों और 16 देशों और छह संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल शामिल हो रहे हैं। यह सम्मेलन महत्वपूर्ण क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए प्रतिष्ठित नेताओं और प्रतिनिधियों को एक साथ लाता है।

# रफाह से आबादी को निकालने और हमास को खत्म करने की योजना बनाएं,नेतन्याहू का सेना को आदेश



**तल अवीव, 10 फरवरी 2024।** इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सेना को रफाह से लोगों को निकालने के लिए योजना तैयार करने का आदेश दिया है। एक जमीनी हमले से पहले उनके कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में यह जानकारी दी।

रफा दक्षिण गाजा पट्टी का शहर है। जहां अभी गाजा के तेरह लाख लोग रह रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के मुताबिक, इस शहर में ज्यादातर वे लोग रह रहे हैं, जो गाजा के अन्य हिस्सों से निकाले गए हैं। नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा कि इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) जल्द ही हमास के आखिरी गढ़ रफाह में जाएगा।

आईडीएफ का अभियान जैसे ही उत्तर और मध्य गाजा की ओर आगे बढ़ा था तो कई फलस्तीनी नागरिक जान बचाते हुए भागकर इस शहर में आए थे। लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वे आगे कहां जाएंगे। क्योंकि रफा क्रॉसिंग से मिस्र की सीमा शुरू हो जाती है। लेकिन, मिस्र की ओर से महीनों से सीमा बंद है।

इस्राइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने क्या कहा

सीएनएन के मुताबिक, इस्राइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने बयान में कहा कि रफाह में हमास की चार बटालियों को खत्म किए बिना आतंकी संगठन को मिटाना असंभव है। दूसरी ओर रफा में बड़े पैमाने पर अभियान चलाने के लिए युद्ध क्षेत्रों से नागरिक आबादी को निकालने की जरूरत है। बयान में कहा गया है कि यही वजह है कि प्रधानमंत्री ने आईडीएफ और रक्षा प्रतिष्ठान को निर्देश दिया है कि वे कैबिनेट में आबादी की निकासी और हमास की बटालियनों को खत्म करने के दोहरी योजना लाएं।

### फलस्तीनी राष्ट्रपति ने की आलोचना

वहीं, शुक्रवार को एक बयान में फलस्तीनी राष्ट्रीत महमूद अब्बास के कार्यालय ने सैन्य योजना की आलोचना की। उन्होंने रफा से फलस्तीनी नागरिकों की निकासी एक असली खतरा बताया। बयान में कहा गया कि अब समय आ गया है कि हर कोई इस तबाही को रोकने के लिए कदम उठाए। यह पूरे क्षेत्र को अंतहीन युद्ध की ओर धकेल देगा।

### चार महीने से ज्यादा समय युद्ध जारी

इस्राइल और हमास के बीच पिछले साल सात अक्तूबर को युद्ध शुरू हुआ था। हमास के हमलों में करीब 1,200 इस्राइली नागरिक मारे गए थे। जबकि, ढाई सौ इस्राइलियों को बंधक बना लिया गया था। इनमें से कई अब भी बंधक हैं। इसके बाद इस्राइल ने युद्ध का एलान किया और हमास पर पलटवार किया। इस युद्ध में 26 हजार से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं।

# खराब सड़कों की वीडियो बना रही थी पार्षद,हमलावर गोली मारकर भागे

## खड़े देखते रहे लोग



**नई दिल्ली, 10 फरवरी 2024।** दक्षिण अमेरिकी देश इक्वाडोर में एक युवा महिला नेता की उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब महिला नेता अपने इलाके की खराब सड़कों की वीडियो बना रही थीं। घटना के बाद इक्वाडोर में दुख की लहर दौड़ गई है और लोगों ने एक युवा नेता की इस तरह दिनदहाड़े हत्या पर गुस्सा जाहिर किया है।

### वीडियो रिकॉर्ड करते हुए हमला

इक्वाडोर की पार्षद डियाना कारनेरो (29 वर्षीय) पर उस वक्त हमला किया गया, जब वे गुयास नारंजल इलाके में खराब सड़कों का वीडियो रिकॉर्ड कर रहीं थी। मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए दो लोगों ने डियाना के सिर में गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। सबकुछ इतनी जल्दी हुआ कि लोग खड़े देखते रह गए। घटना के तुरंत बाद डियाना को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अभी तक इस मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। हमलावरों की पहचान कर तलाश की जा रही है।

### पूर्व राष्ट्रपति ने जताया दुख

डियाना की हत्या पर इक्वाडोर के पूर्व राष्ट्रपति राफेल कोरेया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर दुख जाहिर किया। उन्होंने लिखा डियाना सिर्फ 29 साल की थी। यह दिवास्पन है, जब इस उम्र के बच्चे दुनिया से जाएं तो मां-बाप पर क्या बीतती होगी। हत्यारों ने एक प्रतिभाशाली नेता का जीवन खत्म कर दिया। यह कितना शर्मनाक है। वहीं गुयाक्विल की डिप्टी मेयर ब्लांका लोपेज ने सोशल मीडिया पर लिखा ये सब खत्म होना चाहिए। अपने इलाके, प्रांत और देश की बेहतरी की कामना करने के लिए किसी की जान को खतरा नहीं होना चाहिए।

इक्वाडोर इन दिनों गंभीर सुरक्षा संकट से जूझ रहा है। दरअसल इक्वाडोर के हाई प्रोफाइल गिरोह का नेता एडेल्फो फिटो मैकियास बीते दिनों गुआयाक्विल जेल से फरार हो गया था, जिसके बाद देश में हिंसा का दौर शुरू हो गया है। हालात को देखते हुए राष्ट्रपति डैनियल नोबोआ ने देश में आपातकाल का एलान कर दिया था। इस हिंसा में अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है। इक्वाडोर में ही बीते दिनों टीवी पर लाइव प्रसारण के दौरान नकाबपोश अपराधियों ने न्यूज चैनल को निशाना बनाया था। अपराधियों द्वारा कई पुलिस अधिकारियों का अपहरण कर लिया गया है।

# केंद्र और पंजाब में गठबंधन सरकार बनाने पर नवाज-बिलावल की पार्टी राजी,शहबाज-जरदारी के बीच अहम बैठक



**इस्लामाबाद, 10 फरवरी 2024।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीटी) केंद्र और पंजाब प्रांत में गठबंधन सरकार बनाने पर राजी हो गई हैं। पीएमएल-एन के अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने पीपीपी के प्रमुख बिलावल भुट्टो और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात की और उन्हें देश के लिए मिलकर काम करने का न्योता दिया। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट में शनिवार को यह जानकारी दी गई।

खबर के मुताबिक, शहबाज ने पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी के घर पर पीपीपी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। खबर के मुताबिक, पार्टी के सूत्रों ने बताया कि शहबाज ने जरदारी के साथ सरकार के गठन पर चर्चा की और पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ का संदेश भी उन्हें दिया। शहबाज ने देश में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता के लिए पीपीपी के नेताओं से पीएमएल-एन नेतृत्व के साथ बैठक करने को कहा।

### 45 मिनट तक चली बैठक

सूत्रों ने बताया कि जरदारी और शहबाज पंजाब और केंद्र में सरकार बनाने पर राजी हो गए हैं। दोनों दल अगली बैठक में अपने विचार रखेंगे और सत्ता में साझेदारी के फॉर्मूले को अंतिम रूप देंगे कि कौन व्यक्ति कौन सा पद संभालेगा। बैठक 45 मिनट तक चली।

# हिंद प्रशांत महासागर रणनीति की वजह से क्षेत्र में शांति-समृद्धि आयी, अमेरिका ने माना भारत की भूमिका अहम



**वॉशिंगटन,10 फरवरी 2024।** अमेरिका ने कहा है कि हिंद प्रशांत महासागर रणनीति की वजह से अमेरिका और हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र ज्यादा सुरक्षित, समृद्ध हुआ है। अमेरिका ने ये भी कहा कि भारत के साथ द्विपक्षीय संबंध भी अभूतपूर्व तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। अमेरिका की हिंद-प्रशांत महासागर रणनीति को लागू हुए दो साल पूरे हो गए हैं। रणनीति लागू होने की दूसरी वर्षगांठ पर व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एड्रिएन वाटसन ने मीडिया से बात की।

### भारत के साथ अभूतपूर्व तरीके से संबंधों को विस्तार दिया गया

मीडिया से बातचीत के दौरान एड्रिएन वाटसन ने कहा कि अमेरिका, हिंद-प्रशांत महासागर इलाके में पहले कभी भी इतना मजबूत नहीं रहा है। बीते दो साल में हमने हिंद प्रशांत महासागर इलाके को मुक्त, कनेक्टिड, समृद्ध, सुरक्षित और आत्मनिर्भर रखने में ऐतिहासिक प्रगति की है। राष्ट्रपति बाइडन के नेतृत्व को इसके लिए धन्यवाद। वाटसन ने कहा हमने जापान, कोरिया गणतंत्र, ऑस्ट्रेलिया, फिलीपींस, थाईलैंड के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया है। साथ ही हमने वियतनाम और इंडोनेशिया के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों में भी सुधार किया है। आसियान देशों के साथ भी साझेदारी को मजबूत किया जा रहा है। भारत के साथ अभूतपूर्व तरीके से संबंधों को विस्तार दिया जा रहा है। प्रशांत महासागर के देशों के साथ दो ऐतिहासिक सम्मेलन आयोजित किए गए हैं।

साथ ही क्वाड के तहत ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान के साथ भी हिंद प्रशांत महासागर की सुरक्षा को पुख्ता किया गया है। एड्रिएन वाटसन ने कहा हम AUKUS की मदद से यूरोप और हिंद प्रशांत क्षेत्र के बीच संबंधों को मजबूत कर रहे हैं।

### क्या है अमेरिका की हिंद प्रशांत महासागर रणनीति

अपनी हिंद प्रशांत महासागर रणनीति के तहत अमेरिका हिंद प्रशांत महासागर इलाके के विभिन्न देशों के तहत सुरक्षा सहयोग बढ़ा रहा है। विभिन्न देशों को सैन्य तौर पर मजबूत किया जा रहा है। साथ ही क्वाड के तहत अमेरिका ने भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ रणनीतिक साझेदारी भी बनायी है। इस पूरी कवायद को चीन को काउंटर करने और हिंद प्रशांत महासागर को मुक्त और समृद्ध रखने के तौर पर देखा जा रहा है। क्वाड के बाद अब अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया के साथ भी एक सैन्य गठबंधन बनाने की तैयारी कर रहा है। इसी तरह का एक गठबंधन अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के बीच बन रहा है।

# दशकर्म कार्यक्रम में शमिल होकर लौट रहे हादसे में घायल वृद्ध की मौत

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,10 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।** दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होकर पोती के साथ साइकिल से लौट रहा वृद्ध सडक़ दुर्घटना में घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार धनसाय राजवाड़े उम्र 65 वर्ष ग्राम गोरसी थाना चंदौरा का रहने वाला था। वह अपनी बेटी के घर लालमाटी गया था। वहां से वह शुक्रवार को अपनी पोनी के साथ साइकिल से दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम खम्हार गया था। वहां से वापस दोनों लौट रहे थे। तभी रास्ते में घाटापारा पुलिया के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वृद्ध गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# खेत में काम करने के दौरान युवक हुआ सर्पदंश का शिकार,मौत

- संवाददाता -

**अंबिकापुर, 10 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।** खेत में काम करने के दौरान एक युवक सर्पदंश का शिकार हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विरेंद्र लकड़ा पिता जुगेश्वर उम्र 30 वर्ष ग्राम सदनपुर थाना लुण्ड्रा का रहने वाला था। 6 फरवारी को विरेंद्र खेत में काम कर रहा था। शाम करीब 7 बजे उसे जाड़ा सांप ने डंस लिया था। परिजन उसे इलाज कराने के बजाए रात में घर में ही रखे थे। दूसरे दिन सुबह से इलाज के लिए धौरपुर अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# जिले के सभी तहसीलों में जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन





## कलेक्टर ने किया निरीक्षण,राजस्व सम्बन्धी मामलों के लिए गए आवेदन,त्वरित निराकरण की कार्यवाही भी हुई शुरू

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,10 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।** शासन के निर्देशानुसार राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए प्रदेश के सभी राजस्व निरीक्षक मण्डल, विकासखंड स्तर एवं जिला स्तर पर जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाना है। इसी कड़ी में शनिवार को कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में जिले के समस्त तहसीलों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन हुआ। कलेक्टर श्री भोस्कर ने स्वयं अंबिकापुर तहसील कार्यालय में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया और आवेदनों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

शिविरों में आमजनों से राजस्व सम्बन्धी मामलों के लिए आवेदन लिए गए। शिविरों में नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्रों के संबंध में निराकरण कराया जा सकता है। लोक सेवा गारंटी अधिनियम, अविवादित नामांतरण अविवादित खाता विभाजन और सीमांकन, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के लिए आवेदन भी प्राप्त किए गए। आवेदन पश्चात राजस्व अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा निराकरण की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

बता दें शासन के निर्देशानुसार राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए प्रदेश के सभी राजस्व निरीक्षक मण्डल स्तर पर 3 फरवरी को शिविर आयोजित किए गए थे, ततपश्चात विकासखण्ड स्तर पर शनिवार को शिविर हुए। जिसके बाद जिला मुख्यालय में 17 फरवरी को शिविर का आयोजन कर लोगों को लाभान्वित किया जाएगा।

# भाजपा सरकार के पहले बजट को भाजपाइयों ने सराहा तो वहीं

# कांग्रेसियों ने बताया निराशाजनक व ख्याली पुलाव जैसा बजट

### 5 सालों में जीडीपी को 5 लाख करोड़ से 10 लाख करोड़ तक पहुंचाने दोगुना करने का लक्ष्य वाला बजट हुआ पेश

### छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार पेपरलेस डिजिटल बजट पेशः रेणुका सिंह

### अमृतकाल के नींव का बजट व ग्रेट सीजी की थीम पर है बजट

#### मनेंद्रगढ़, कुनकुरी में 220 बिस्तर वाले अस्पताल की स्थापना व नागपुर चिरमिरी रेल लाइन का विस्तार



स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया की राजधानी में साइंस सिटी के लिए 34 करोड़। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए 1500 करोड रुपए का प्रावधान। सिम्स के नवनिर्माण के लिए 700 करोड़ रुपए का प्रावधान। मेकाहारा रायपुर के लिए 773 करोड़। मनेंद्रगढ़, कुनकुरी में 220 बिस्तर वाले अस्पताल की स्थापना की जाएगी। वित्तमंत्री चौधरी ने बजट 2024 में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में फॉरेंसिक साइंस की प्रयोगशाला स्थापित किए जाने की घोषणा की। नवा रायपुर अटल नगर में संगीत महाविद्यालय प्रारंभ किया जाएगा। नवीन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पिपरिया में। श्री जयसवाल के अथक प्रयास से 120 करोड़ की स्वीकृति चिरमिरी नागपुर हाल्ट रेल लाइन निर्माण के लिए राज्यांश की लंबित राशि 5 साल बाद स्वीकृत हुई। (ज्ञात हो की 2018 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने केंद्र के साथ एम ओ यू के तहत रेल लाइन का भूमिपूजन किया था, लेकिन सरकार बदलते ही कांग्रेस सरकार ने राज्यांश की राशि जारी नही किया, जिसके कारण यह महत्वपूर्ण रेल लाइन निर्माण कार्य लंबित रह गया था, जिसकी स्वीकृति पुनः भाजपा सरकार बनने पर आज मिल पाई है, आगामी 2 वर्षों में इस रेल लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण होगा। श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा की उनकी घोषणा पर सरकार ने अमल किया चिरमिरी को स्थिर भविष्य मिलेगा यह बड़ी उपलब्धि है।




-रवि सिंह-
कोरिया/एमसीबी, 10 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

विष्णुदेव साय सरकार का पहला बजट 2024 शुक्रवार सदन में पेश किया गया। वित्तमंत्री ओपी चौधरी अपना बजट पेश किया। साय सरकार का यह पहला बजट 1.47 लाख करोड़ का बजट है। इस बजट में डबल इंजन की सरकार की योजनाओं की झलक देखी गई। कोई नया कर प्रस्तावित नहीं है और न ही करों की दरों में वृद्धि का कोई प्रस्ताव है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 1.25 लाख करोड़ का बजट पेश किया था। जहां इस बजट को भाजपाई सराह रहे हैं तो वहीं कांग्रेसी इस बजट को ख्याली पुलाव बता रहे हैं। कांग्रेस के अनुसार यह बजट बिल्कुल भी प्रदेशवासियों के लिए नहीं है सिर्फ उन्हें ख्यालों में ही इस बजट की विशेषता व लाभ बताए जा रहा है।

#### 500 रुपए में सिलेंडर भाजपा की घोषणा थी चुनावी,उसका बजट में उल्लेख नहीं



भरतपुर सोनहत क्षेत्र के पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने कहा की भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र में यह उल्लेखित किया था की वह 500 में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराएगी। बजट में इसका कोई उल्लेख कोई प्रावधान नजर नहीं आया। उन्होंने कहा की बजट ने प्रदेश की जनता को गुमराह करने का काम किया। पूर्व विधायक ने यह भी कहा की बड़ी बड़ी घोषणा के साथ भाजपा ने सरकार तो बना ली अब उसको पूरा करने में उन्हे परेशानी हो रही है

#### लोकसभा का चुनावी बजट



कोरिया जिला पंचायत वेदांती तिवारी ने कहा कि आगामी लोकसभा को देखते हुए छत्तीसगढ़ में बजट पेश किया गया है ताकि लोकसभा चुनाव में इस बजट के माध्यम से मतदाताओं को अपनी तरफ किया जा सके, जबकि यह बजट खोखला है इस बजट में आम लोगों के लिए बहुत कुछ नहीं है और इसकी वास्तविकता लोकसभा चुनाव के बाद देखने को मिल जाएगी कुल मिलाकर सिर्फ यह लोकसभा चुनाव को लेकर छलने का प्रयास है।

#### ख्याली पुलाव की तरह है बजट



योगेश शुक्ला छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य ने कहा कि चुनाव में गारंटी देकर गए मोदी जी, अब मोदी जी की गारंटी का बोझ इतना है कि छत्तीसगढ़ जैसा छोटा राज्य सह नहीं पा रहा है, बजट के प्रावधान गवाही दे रहे हैं कि मोदी की गारंटी भाजपा सरकार को भारी पड़ रही है। इसकी वजह से बेचारे वित्तमंत्री राज्य के लिए नया कुछ कर ही नहीं पाए। उन्होंने बजट का आकार तो बढ़ा लिया है और राजस्व आधिक्य की बात कर रहे हैं। ये ख्याली पुलाव की तरह ही दिखता है।

#### छत्तीसगढ़ की दिशा और दशा तय करने वाला बजट



बैकुण्ठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि हमारी सरकार का यह बजट है। बजट केवल एक साल का बजट नहीं है, बल्कि छत्तीसगढ़ की दिशा और दशा तय करने वाला है। यह मौजूदा करों में बिना वृद्धि किए राजस्व बढ़ाने वाला बजट है। यह हमारी सरकार का विजन डाक्यूमेंट भी है। छत्तीसगढ़ के लोगों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह चार क्षेत्रों में फोकस है। इसे हमने ज्ञान नाम दिया है।

#### ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के लिए 2887 करोड़ का प्रावधान



कोरिया जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने कहा की पंचायत एवं ग्रामीण विकास के अंतर्गत 17 हजार 539 करोड़ का प्रावधान, 70 प्रतिशत वृद्धि। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के लिए 2887 करोड़ का प्रावधान। सड़कों के लिए 841 करोड़ का प्रावधान। कचरा प्रबंधन की योजनाओं के लिए 400 करोड़ का प्रावधान। छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ने कहा, बजट 2024 में सिंचाई बांधों के लिए 72 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। सिंचाई के लिए रकबे के विस्तार के लिए 3000 करोड़ रुपए राशि का प्रावधान। 10 करोड़ से अधिक के 156 कार्यों के लिए प्रावधान। केलो परियोजना के नहर निर्माण कार्य 100 करोड़ से पूरा किया जाएगा। राज्य जल केंद्र की स्थापना के लिए 1 करोड़ का प्रावधान। सिंचाई बांधो की सुरक्षा के लिए 72 करोड़ रुपए का प्रावधान। स्व सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को रोजगार देने के लिए 561 करोड़ रुपए का प्रावधान है।

#### पहली बार पेपरलेस डिजिटल बजट होगा पेश,बजट में मिली वर्षो पुरानी मांगो की स्वीकृति,हर पंचायत में बनेगा महिला सदन



पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार पेपरलेस डिजिटल बजट पेश हुआ। ब्रीफकेस पर भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर दिखा रही है, विष्णु देव साय सरकार के पहले बजट को छत्तीसगढ़ की महिलाओ, युवाओं, किसानों के भविष्य को संवारने वाला बजट बताते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी है। रेणुका सिंह ने कहा है कि बजट में सभी वर्गों और सभी क्षेत्रों का ध्यान रखा गया है। यह बजट भाजपा सरकार का छत्तीसगढ़ के विकास का एक संकल्प बतलाता है।यह बजट मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला बजट है इस बजट में महतारी वंदन, किसानों को भुगतान, प्रधानमंत्री आवास, जल जीवन मिशन, श्रीराम लला दर्शन, मुफ्त इलाज, भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए प्रावधान सहित मोदी की कई गारंटीयों को पूरा करने प्रावधान किया गया है। राज्य की आय बिना किसी पर कर का बोझ डाले 22 प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य प्रशंसनीय है। प्रदेश के हर क्षेत्र हर विभाग हर वर्ग के लिए बजट में प्रावधान किए गए हैं इससे छत्तीसगढ़ के लोगो के जीवन में खुशहाली आएगी। वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश किए गए बजट में हमने बनाया है हम ही संवारेंगे की झलक साफ दिखती है। भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने बताया कि बजट में विधानसभा क्षेत्र की कई वर्षों पुरानी मांगो को जगह मिली है। मनेन्द्रगढ़-केल्हारी-जनकपुर मार्ग के चौड़ीकरण व उन्नयन के लिए 6 करोड़ 75 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है, जल्द ही उक्त मार्ग का चौड़ीकरण कार्य होगा। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र में सड़क व पुल पुलिया निर्माण के लिए करोड़ो रूपये की राशि भी स्वीकृत हुई। इसके काम भी जल्द शुरू होंगे वही वनांचल क्षेत्र भरतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत कुंवारपुर व माड़ीसरई के पशु औषधालय का पशु चिकित्सालय में उन्नयन होने से पशुपालकों को अब अपने मवेशियों के इलाज के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। वही विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए शिक्षकों की पदस्थापना भी की गई है। विधायक रेणुका सिंह ने बताया कि महिलाओ के विकास व सशक्तिकरण के लिए आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए विधानसभा क्षेत्र के हर ग्राम पंचायत में महिला सदन के निर्माण के लिए बजट में राशि जारी की गई है। विधानसभा क्षेत्र के अस्पतालों में डॉक्टरों के खाली पड़े पदों को भरने का प्रावधान भी किया गया है।

# क्या मध्यप्रदेश की शराब का छत्तीसगढ़ में प्रवेश

# रोक पाएंगे एमसीबी जिले के नए पुलिस अधीक्षक ?

### बड़े पैमाने पर मध्यप्रदेश की शराब एमसीबी जिले की सीमा पार करके पहुंचाई जाती है छत्तीसगढ़ में

### एमसीबी जिला मुख्यालय में भी बड़े स्तर पर खपाई जाती है मध्यप्रदेश की शराब,शहर के कई होटलों में भी परोसी जाती है मध्यप्रदेश की शराब

### कांग्रेस शासनकाल में भी मामला उठा था छत्तीसगढ़ के विधानसभा में,दो तत्कालीन विधायक आपस भी उलझते नजर आए थे...

### मनेंद्रगढ़ शहर में राट्रीय राज्यमार्ग पर स्थित कई होटल भी शराब परोसने की खबर होती रही है प्रकाशित

### एमसीबी जिले ने नए पुलिस अधीक्षक के लिए मध्यप्रदेश की शराब को छत्तीसगढ़ में प्रवेश होने देने से रोकना बड़ी चुनौती

-रवि सिंह-
एमसीबी,10 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।






प्रदेश में पुलिस मुख्यालय ने बड़े स्तर पर आईपीएस अधिकारियों की पदस्थापना बदलने का काम किया है और ऐसा नई सरकार के गठन होने के बाद किया गया है जिसके अंतर्गत एकसाथ 46 आईपीएस अधिकारी इधर से उधर किए गए हैं। बड़े स्तर पर आईपीएस अधिकारियों का तबादला प्रदेश की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया जो माना जा रहा है। प्रदेश में पांच साल तक कांग्रेस की सरकार थी वहीं पांच साल जैसे ही विधानसभा निर्वाचन 2023 के बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार पूर्ण बहुमत से बनी उसने यह तबादला आवश्यक माना और पुरवर्ती कांग्रेस शासनकाल में पदस्थ किए गए कई जिले के पुलिस अधीक्षकों को उनके वर्तमान पदस्थापना स्थल से हटाकर नई जिम्मेदारी प्रदान करते हुए यह उम्मीद जाहिर की की प्रदेश की कानून व्यवस्था इस तरह बेहतर होगी और पुलिस विभाग में बेहतर कसावट आ सकेगा। प्रदेश में कई जिलों के पुलिस अधीक्षक अब नए होंगे जिनमें एमसीबी नवीन जिले के भी पुलिस अधीक्षक अब चंद्रमोहन सिंह होंगे जो पूर्व में अविभाजित कोरिया जिले के पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं और यह जिला कोरिया जिले से ही अलग होकर नवीन गठित हुआ है।

एमसीबी नवीन जिला प्रदेश का एक ऐसा जिला भी है जो मध्यप्रदेश की सीमा से लगा हुआ है जिसके कई क्षेत्रों से मध्यप्रदेश राज्य की सीमा से लगती हैं और इन्ही सीमाओं से मध्यप्रदेश की शराब छत्तीसगढ़ खासकर एमसीबी जिले में लाई जाती है। यह शराब एमसीबी जिले में तो अवैध रूप से परोसी ही जाती है साथ ही यही शराब इन्ही रास्तों से होकर प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी भेजी जाती है। अब एमसीबी जिले के नए पुलिस अधीक्षक के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह होगी की वह अवैध शराब को जिले की सीमा में प्रवेश होने से कैसे रोकें। वैसे एमसीबी जिले के जिला मुख्यालय में भी यह शराब जमकर परोसी जाती है। कई होटल ढाबों में खुलेआम यह अवैध शराब शराब प्रेमियों को बड़ी आसानी से मिल जाती है।

#### घुटरीटोला बेरियर,खोंगापानी सहित भरतपुर के कई क्षेत्र जो हैं एमसीबी जिले के क्षेत्र जहां से मध्यप्रदेश की शराब लाई जाती है छत्तीसगढ़ में

एमसीबी जिले का घुटरीटोला बेरियर,भरतपुर का कई क्षेत्र साथ ही खोंगापानी का क्षेत्र मध्यप्रदेश की सीमा से लगता है। मध्यप्रदेश की अवैध शराब इन्ही सीमा क्षेत्रों से एमसीबी नवीन जिले में लाई जाती है। शराब कई बार पकड़ी जाती है और अधिकांश बार शराब प्रदेश खासकर एमसीबी जिले में प्रवेश भी करा दी जाती है। यह सबकुछ लंबे समय से चल रहा है वहीं इसको पूरी तरह रोकने का प्रयास कभी नहीं हुआ यह कहा जा सकता है। इन सीमाओं से कई माध्यम से शराब छत्तीसगढ़ में लाई जाती है जिसमे बड़े वाहन छोटे वाहन साथ ही दो पहिया वाहन माध्यम बनाए जाते हैं। नए पुलिस अधीक्षक को यह देखना होगा और इस मामले में कड़ा रुख अपनाना होगा तब जाकर ऐसा होने से रोका जा सकेगा।

#### मध्यप्रदेश की शराब मनेंद्रगढ़ शहर के कई होटल ढाबों के लिए है फायदेमंद व्यापार,अवैध रूप से परोसी जाती है जहां शराब

मध्यप्रदेश की सीमा से लगे हुए एमसीबी जिले के जिला मुख्यालय में कई होटल ढाबे ऐसे हैं जहां मध्यप्रदेश की अवैध शराब परोसी जाती है। इन होटल ढाबों का मुख्य व्यापार ही यह अवैध शराब है। जहां शराब प्रेमियों के लिए बैठने और शराब के साथ खाए जाने वाली सामग्रियों की भी व्यवस्था प्रदान की जाती है। शहर से लगे राष्ट्रीय राज्यमार्ग की बात की जाए या शहर के अंदर के कई होटलों की,कई ऐसे होटल ढाबे हैं जहां यह अवैध शराब बेकौफ होकर परोशी जा रही है। इन पर अंकुश लगाना नए पुलिस अधीक्षक के लिए बड़ी जिम्मेदारी होगी।

#### कांग्रेस शासनकाल में विधानसभा में गूंजा था मामला,दो कांग्रेसी विधायक अवैध शराब मामले में विधानसभा में हुए थे आमने-सामने

कांग्रेस शासनकाल में भी मध्यप्रदेश की अवैध शराब मनेंद्रगढ़ में खपाई जाती थी और कई होटल ढाबे इस मामले में शामिल बताए जाते थे तब विधानसभा में भी यह मामला उठा था। तब विधानसभा में जिले के दो कांग्रेस विधायक आमने सामने भी नजर आए थे जिन्होंने एक दुसरे पर आरोप लगाया था। तब भी यह स्पष्ट हुआ था की मध्यप्रदेश की शराब एमसीबी जिले में परोसी जा रही है। जब विधानसभा में सत्ताधारी दल के दो कांग्रेस विधायक इस मामले में आमने सामने हुए थे जिले के तब यह भी समझ में आया था की सब कुछ संरक्षण के माध्यम से चल रहा है जिसे रोकने की मंशा तब की सरकार की शायद इसलिए नहीं थी क्योंकि विधायक ही क्षेत्र के इसके पक्ष में थे ऐसा उन्होंने प्रदर्शित किया था। वर्तमान में सत्ता परिवर्तन के फलस्वरूप प्रदेश में भाजपा की सरकार है वहीं जिले के दोनों विधायक भी भाजपा से ही हैं ऐसे में वह इस मामले में क्या रुख अपनाते हैं यह भी देखना होगा। नए पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी इस मामले में अधिक है क्योंकि नवीन जिले में यह व्यवसाय ज्यादा फलफूल रहा है।



## राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर 10 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर शनिवार राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रेमनगर में मानसिक स्वास्थ्य शिवीर का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर एस सिंह के मार्स्गदर्शन में नोडल अधिकारी डॉ राजेश पैंकरा एवं डीएमएचपी टीम , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रेमनगर में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी, ग्रामीण चिकित्सा सहायक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उक्त संबंध में डा राजेश पैकरा ने बताया कि शिविर में 16 गंभीर रूप से मानसिक मरीजों ,8 अवसाद एवं तनाव, के मरीजों को बेहतर ढंग से उपचार एवं परामर्श, काउंसलिंग की गई।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल सूरजपुर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया

-संवाददाता-
सूरजपुर 10 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखण्डों के स्कूलों, निजी स्कूलों, मदरसों, महाविद्यालय एवं आंगनबाड़ी में 01-19 वर्ष के बच्चों को कृमि नाशक अल्बेन्डाजॉल दवाई खिलाए जाने के लिए आज स्वामी आत्मानंद स्कूल सूरजपुर में बच्चों को अल्बेन्डाजॉल दवाई खिलाकर कार्यकम का उद्घाटन किया गया। कलेक्टर द्वारा जिले के 01-19 वर्ष के शत-प्रतिशत बच्चों को कृमि नाशक दवाई खाने हेतु आग्रह किया और 15 फरवरी 2024 तक सभी छुटे हुए बच्चों को दवाई सेवन हेतु आग्रह किया ताकि बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास हो सके, सूरजपुर जिले में कुल 3 लाख 24 हजार 308 बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा खिलानी है। उद्घाटन समारोह में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर रोहित व्यास, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आर.एस. सिंह, जिला नोडल अधिकारी डॉ. अजय मरकाम, जिला कार्यक्रम प्रबंधक गनपत कुमार नायक, स्वास्थ्य विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

CMYK

# भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से आज बेनोनी में

## तीसरी बार फाइनल में यूएसए को धूल चटाएगा भारत या कंगारू फिर तोड़ेंगे करोड़ों भारतीयों का सपना ?

**» भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बेनोनी में 11 फरवरी यानी रविवार को अंडर 19 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट के इतिहास में तीसरी बार दोनों टीमें फाइनल में एक दूसरे से भिड़ेंगी**

**बनोनी, 10 फरवरी 2024।** भारत के 18 और 19 साल के युवा क्रिकेटर रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल जीतकर रिकॉर्ड छठा आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीतने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। इसके बाद कुछ के करियर को उड़ान भरने के लिए पंख मिलेंगे जबकि कुछ गुमनामी में डूब जायेंगे। पिछले साल 19 नवंबर को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली सीनियर टीम को वैश्विक मंच पर रुला दिया था जिससे उदय सहारण की अगुवाई वाली टीम का ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम को हराकर खिताब जीतना सुखद होगा।

### ऑस्ट्रेलिया हो या पाकिस्तान फर्क नहीं पड़ता:सहारण

कप्तान सहारण ने हाल में कहा था, 'फाइनल में सामने ऑस्ट्रेलिया हो या पाकिस्तान , फर्क नहीं पड़ता । हम विरोधी टीम पर फोकस नहीं कर रहे और अपने खेल पर ध्यान दे रहे हैं । हमने मैच दर मैच रणनीति बनाई है और हर मैच को संजीदगी से ले रहे हैं ।' यह पूछने पर कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्या बदला दिमाग में होगा क्योंकि सीनियर टीम पिछले साल वनडे विश्व कप फाइनल उससे हारी थी, उन्होंने कहा ,' ऐसा कुछ नहीं सोच रहे हैं। हम अपने खेल पर फोकस कर रहे हैं और हमें अपना सर्वश्रेष्ठ देना है। मैच हालात के हिसाब से खेल रहे हैं। हर मैच महत्वपूर्ण है क्योंकि यह विश्व कप है और सारी टीमें अच्छी है।'

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ह्यू वेबगेन, सलामी बल्लेबाज हैरी डिक्सन, तेज गेंदबाज टॉम स्ट्रेकर और कैलम विडलर ने इस चरण के दौरान लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है जो भारत के लिए परेशानी बन सकते हैं। भारत की अंडर-19 टीम ने 2012 और 2018 फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था और इस वर्ल्ड कप के खिताबी मैच में भी वह प्रबल दावेदार होगी। भारतीय टीम हमेशा आयु वर्ग के टूर्नामेंट में 'पावरहाउस' रही है और इस टूर्नामेंट में नौवीं बार फाइनल में पहुंचना इसका प्रमाण है।



### 2016 के बाद भारत ने खेले हैं सभी फाइनल

भारत की अंडर-19 टीम ने 2016 के बाद सभी फाइनल खेले हैं जिसमें से उसने 2018 और 2022 चरण में खिताब जीते जबकि 2016 और 2020 में उसे हार मिली। विराट कोहली की टीम ने 2008 में ट्रॉफी जीती थी जिसके बाद अंडर-19 विश्व कप ने काफी लोकप्रियता हासिल की थी। लाइव टीवी कवरेज और 'स्ट्रीमिंग' से इसके प्रति उत्सुकता भी बढ़ गयी है। अंडर-19 विश्व कप ने युवराज सिंह, मोहम्मद कैफ, सुरेश रैना, शिखर धवन, रोहित शर्मा, कोहली, रविंद्र जड़ेजा, केएल राहुल, ऋषभ पंत, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल जैसे स्टार क्रिकेटर दिये हैं। लेकिन उन खिलाड़ियों की सूची इससे भी ज्यादा बड़ी है जो 'स्टारडम' हासिल करने के बाद शीर्ष स्तर तक पहुंचने में असफल रहे।

### शीर्ष स्तर तक नहीं पहुंचे ये खिलाड़ी

2000 के दशक के शुरू में रीतिंदर सिंह सोढ़ी और गौरव धीमान से लेकर उन्मुक्त चंद, हरमीत सिंह, विजय जोल, संदीप शर्मा, अजितेश अर्गल, कमल पासी, सिद्धार्थ कौल, स्मिट पटेल, रविकांत सिंह और कमलेश नागरकोटी तक देखें तो यह सूची काफी लंबी है। पृथ्वी शॉ अपने करियर को फिर से संवारने की कोशिश कर रहे हैं जबकि यश धुल को सीनियर स्तर के क्रिकेट के मानकों का सामना करना बेहद मुश्किल लग रहा है। सहारण की अगुवाई वाली मौजूदा टीम शुरू में इतनी शानदार नहीं दिख रही थी क्योंकि कुछ महीने पहले वह अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में जगह बनाने में असफल रहे थे। लेकिन यहां टीम फॉर्म में आ गयी है।

### मौजूदा अंडर 19 टीम में चमक रहे ये सितारे

बल्लेबाजी सूची में 389 बनाकर शीर्ष पर चल रहे सहारण की अगुवाई में टीम का प्रदर्शन प्रत्येक मैच में बेहतर होता गया और उसने बड़े अंतर से जीत दर्ज कीं। बस सेमीफाइनल ही ऐसा था जिसमें उसने मेजबान दक्षिण अफ्रीका को महज एक विकेट से हराया। सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर खान कप्तान के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं और एक उपयोगी बायें हाथ के स्पिनर भी हैं। दायें हाथ के तेज गेंदबाज राज लिम्बानी और बायें हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी प्रभावी रहे हैं लेकिन अगले स्तर के लिए तैयार नहीं हैं। रविवार को उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इस स्तर के लिए काफी होगा।

### टीम इस प्रकार हैं:

**भारत:** उदय सहारण (कप्तान), अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धास, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, अरावली अवनीश राव (विकेटकीपर), सौम्य कुमार पांडे (उप कप्तान), मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन (विकेटकीपर), धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी, नमन तिवारी।

**ऑस्ट्रेलिया:** ह्यू वेबगेन (कप्तान), लाचलान ऐटकेन, चार्ली एंडरसन, हरकीरत बाजवा, महली बियर्डमैन, टॉम कैम्पबेल, हैरी डिक्सन, रेयान हिक्स (विकेटकीपर), सैम कोनस्टास, राफेल मैकमिलन, ऐडन ओकोनोर, हरजस सिंह, टॉम स्ट्रेकर, कैलम विडलर और ओली पीक। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर डेढ़ बजे शुरू होगा।

## दक्षिण अफ्रीका मैच के लिए सोफी मोलिनेक्स की टेस्ट टीम में वापसी



**नई दिल्ली, 10 फरवरी 2024।** सोफी मोलिनक्स 15 फरवरी से पर्थ में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद तीन साल में पहली बार ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापस आई हैं। राष्ट्रीय टीम से दूर रहने के दौरान, उन्होंने जनवरी के अंत में एक टी20 में दौरे पर आए दक्षिण अफ्रीकी टीम पर जीत के लिए ऑस्ट्रेलियाई गवर्नर जनरल की कप्तानी भी की।

एसीएल की चोट से सफलतापूर्वक उबरने के बाद, जिसके कारण वह एक साल से अधिक समय तक खेल से दूर रहीं, मोलिनक्स वर्तमान में ऑस्ट्रेलियाई 50 ओवर की घरेलू प्रतियोगिता में 14.47 की औसत से 17 विकेट लेकर विकेट लेने वालों की सूची में शीर्ष पर है।

दिसंबर के अंत में भारत की यात्रा करने वाली टेस्ट टीम में मोलिनेक्स का नाम एकमात्र शामिल है। लॉरेन चीटल को पिछले महीने अपनी गर्दन से त्वचा कैंसर हटाने की आवश्यकता के बाद बाहर बैठने के लिए मजबूर किया गया है, हीदर ग्राहम को समूह से बाहर कर दिया गया है। प्रदर्शन प्रमुख (महिला क्रिकेट) और राष्ट्रीय चयनकर्ता शॉन फ्लेगलर का कहना है कि मोलिनक्स को दोबारा बुलाया जाना उनकी कड़ी मेहनत का प्रमाण है, जो एक भयानक चोट के बाद मैदान पर उतर रही हैं। आईसीसी के अधिकारी ने फ्लेगलर के हवाले से कहा, मोलिनेक्स ने पिछले 12 महीनों में मैदान के बाहर काफी काम किया है और एसीएल की चोट से लौटने के बाद से डब्ल्यूएनसीएल और गवर्नर-जनरल एकादश के लिए उनका प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है।÷ वेबसाइट।

प्रदर्शन प्रमुख (महिला क्रिकेट) ने कहा, मजबूत नेतृत्व गुणों वाली एक बहु-कुशल क्रिकेटर, सोफी को लंबे समय से राष्ट्रीय चयन पैनल द्वारा उच्च दर्जा दिया गया है। राष्ट्रीय चयनकर्ता ने निष्कर्ष निकाला, हम बेहद भाग्यशाली हैं कि हमारे पास ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में पर्याप्त स्पिन-गेंदबाजी की गहराई है, इसलिए सोफी के लिए टेस्ट टीम में शामिल होना उसकी दृढ़ता के लिए एक शानदार इनाम है।

ऑस्ट्रेलिया महिला बनाम दक्षिण अफ्रीका महिला टेस्ट टीम

ऑस्ट्रेलिया: एलिसा हीली, (सी) डार्सी ब्राउन, एशले गार्डनर, किम गर्थ, जेस जोनासेन, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, सोफी मोलिनक्स , बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम

दक्षिण अफ्रीका: लौरा वोल्वार्ड्ट, एनेके बॉश, ताज़मिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लर्क, मिके डी रिडर, अयांडा ह्लुबी, सिनालो जाफ्ता, मारिज़ैन कैप, मसाबाता क्लास, सुने लुस, एलिज़-मारी मार्क्स, नॉनकुलुलेको म्लाबा, क्लो ट्रायॉन , डेल्मी टकर।

## आकाश को इंग्लैंड के खिलाफ 3 टेस्ट के लिए मिली जगह

### अब भारतीय टीम पर चढ़ेगा बिहार के आकाश का रंग



**नई दिल्ली, 10 फरवरी 2024।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम 3 टेस्ट के लिए भारत के 17 सदस्यीय स्क्वाड की घोषणा कर दी है। टीम में बंगाल के पेसर आकाश दीप को भी मौका दिया गया है।

नई दिल्ली बीसीसीआई ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ बचे हुए तीन टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम की घोषणा की है। चयन समिति ने केएल राहुल और रवींद्र जडेजा के लिए फिटनेस मंजूरी पाने के लिए कुछ दिनों का इंतजार किया। हालांकि, दोनों की उपलब्धता अभी भी फिटनेस पर निर्भर करती है। इसके अलावा श्रेयस अय्यर इस टीम का हिस्सा नहीं हैं जबकि 27 साल के तेज गेंदबाज आकाश दीप को आवेश खान की जगह मौका दिया गया है। आकाश को पहली बार भारत की टेस्ट टीम से कॉल आया है।

### कौन हैं तेज गेंदबाज आकाश दीप?

आपको बता दें कि आकाश दीप को पहले लिमिटेड ओवर्स के लिए भारतीय टीम से कॉल आ चुका है। लेकिन टेस्ट टीम में उनको पहली बार मौका मिला है। आकाश दीप ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अपनी गेंदबाजी से सबको काफी प्रभावित किया था। उन्होंने 3 मैचों में सबसे ज्यादा 13 विकेट लिए थे। वैसे तो आकाश दीप का जन्म बिहार में हुआ है। लेकिन वह घरेलू क्रिकेट बंगाल के लिए खेलते हैं। आकाश ने अब तक 29 फर्स्ट क्लास मुकाबलों में 103 विकेट झटके हैं। इतना ही नहीं बल्कि उन्हें आईपीएल का भी अनुभव है। आकाश ने आईपीएल में खेले गए 7 मैचों में 6 विकेट लिए हैं। वह आरसीबी के लिए आईपीएल में खेलते हैं।

### श्रेयस अय्यर का कटा पत्ता

अंतिम 3 टेस्ट के लिए श्रेयस अय्यर को भी टीम से ड्रॉप कर दिया गया है। हालांकि ऐसी रिपोर्ट्स सामने आई थी कि उन्होंने दूसरे टेस्ट के बाद कमर दर्द और ग्रोइन में खींचाव की शिकायत की थी। लेकिन बीसीसीआई ने उनको टीम से बाहर करने की कोई वजह नहीं बताई।

### अंतिम 3 टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, केएस भरत, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और आकाश दीप।

## अब आखिरी 3 टेस्ट से भी विराट कोहली ने वापस लिया नाम



**नई दिल्ली, 10 फरवरी 2024।** बीसीसीआई यानी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम 3 टेस्ट मैच के लिए भारतीय दल का ऐलान कर दिया है। टीम में चोटिल रविंद्र जडेजा और केएल राहुल की वापसी हुई है। हालांकि पहले उन्हें अपना फिटनेस टेस्ट क्लियर करना पड़ेगा। शुरुआती दो टेस्ट की तरह भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अंतिम 3 टेस्ट से भी अपना नाम वापिस ले लिया है। वह 13 साल में पहली बार पूरी टेस्ट सीरीज स्किप कर रहे हैं। आखिर विराट कोहली की यह सीरीज स्किप करने की वजह क्या है? भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने पहले दो टेस्ट में निजी कारणों की वजह से अपना नाम वापिस लिया था। हालांकि अगले 3 टेस्ट में भी उनके ना खेलने की वजह सामने नहीं आई है। वह प्रसनल रीजन की वजह से ही इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम 3 टेस्ट भी नहीं खेलेंगे। बीसीसीआई ने कोहली के टेस्ट सीरीज से नाम वापसी लेने पर कहा, विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से बची सीरीज के लिए चयन के लिए अनुपलब्ध रहेंगे। बोर्ड कोहली के फैसले का पूरा सम्मान और समर्थन करता है।विराट कोहली ने 2011 से अब तक अपने करियर में कुल 113 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 49 की औसत से 8848 रन बनाए हैं। इस दौरान किंग कोहली के बल्ले से 29 शतक और 50 अर्धशतक देखने को मिले हैं। टेस्ट में उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 254 रन है।

अंतिम 3 टेस्ट के लिए इंग्लैंड के खिलाफ भारत का स्क्वाड रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेट कीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रविंद्र जडेजा*, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

## निर्मला श्योराण पर दूसरे डोपिंग उल्लंघन के लिए आठ साल का प्रतिबंध



**नई दिल्ली, 10 फरवरी 2024।** भारतीय एथलीट निर्मला श्योराण को पिछले साल हुई जांच में प्रतिबंधित पदार्थ का पॉजिटिव आने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल ने आठ साल के प्रतिबंधित कर दिया। 28 साल की इस खिलाड़ी ने 2018 में डोपिंग उल्लघंन के लिए चार साल का प्रतिबंध झेलने के बाद पिछले साल जून में भुवनेश्वर में राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैम्पियनशिप के दौरान वापसी की थी।नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल द्वारा 27 दिसंबर को दिये आदेश में निर्मला को सात अगस्त 2023 से आठ साल के लिए प्रतिबंधित किया गया। इसका खुलासा गुरूवार को हुआ। नाडा की वेबसाइट के अनुसार उन्हें 'एनाबोलिक एंड्रोजेनिक स्टेराइड' और 'टेस्टोस्टेरोन' का पॉजिटिव पाया गया जिस पर उनका पहला नाम निर्मला लिखा हुआ था। निर्मला ने 2017 एशियाई चैम्पियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। लेकिन डोपिंग के कारण उनका स्वर्ण पदक छीन लिया गया था। उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में 400 मीटर और महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले में हिस्सा लिया था।

## स्कारलेट जोहानसन की नई फिल्म क्राइम थ्रिलर 'फेदरवुड'

अभिनेत्री स्कारलेट जोहानसन अगली बार 'फेदरवुड' नामक क्राइम थ्रिलर में नजर आएंगी।



डेडलाइन के अनुसार, जोहानसन हेरोइन की लत लगाने वाली कैरोल ब्लेविन्स और आर्यन प्रिंसेस फेदरवुड (एक गिरोह के सदस्य की संपत्ति) का किरदार निभाएंगे, जो जानलेवा, नव-नाजी की छह साल की जांच के दौरान एफबीआई के सबसे महत्वपूर्ण मुखबिरों में से एक बन गई थी। अपराध और ड्रग सिंडिकेट को टेक्सास के आर्यन ब्रदरहुड के नाम से जाना जाता है। ब्लेविन्स, जो गिरोह के साथ रहते थे, ने विवरण, पूर्व-निर्धारित हत्याओं और बाधित डकैतियों को याद किया, समूह के 13 सदस्यों को दोषी ठहराने में मदद की। हालाँकि, उसकी कष्टदायक यात्रा ने उसे महत्वपूर्ण शारीरिक और मानसिक घावों के साथ छोड़ दिया और वह एबीटी द्वारा प्रतिशोध के लगातार खतरे में रहती है। 'फेदरवुड' पुलित्जर पुरस्कार फाइनलिस्ट स्कॉट फ़ारवेल के पुरस्कार विजेता, छह-भाग वाले डलास मॉर्निंग न्यूज़ लेख पर आधारित है। 'अमेरिकन हनी' और 'बिग लिटिल लाइज' फेम निर्देशक एंड्रिया अर्नाल्ड इस फिल्म का निर्देशन कर सकते हैं। 39 वर्षीय जोहानसन, जोनाथन लिया और कीनन फ्लिन के साथ अपने दिस पिक्चर्स बैनर के तहत निर्माण करेंगे।

## अमिताभ को कभी 'तुम' नहीं कहतीं जया, नव्या को बताई ये बातें भी

व्हाट द हेल नव्या' एक पॉडकास्ट सीरीज है जिसका हाल ही में ओटीटी पर दूसरा सीजन शुरू हुआ है। इसमें सदी के महानायक अमिताभ बच्चन की पत्नी एक्ट्रेस जया बच्चन, उनकी बेटी श्वेता बच्चन और नातिन/दोहिती नव्या नवेली नंदा को तीन पीढ़ियों के रूप में दिखाया गया है जो प्यार, काम और जीवन पर विचार शेयर करती हैं। शो में हाल ही जया ने अपने और अमिताभ से जुड़ी कुछ बातें बताईं। जया ने डेटिंग और रिश्तों पर विचार व्यक्त किए। जया ने 25 साल की उम्र में शादी की थी और शादी को 50 साल से ज्यादा हो गए हैं। बातचीत के दौरान नव्या ने पूछा कि जया रिश्ते में किस चीज को गलत मानती हैं यानी उनके लिए एक रिलेशनशिप में क्या रेड फ्लैग है, इस पर जया ने कहा कि बुरा व्यवहार उनके लिए एक रिश्ते में सबसे खराब बात है। जया ने कहा कि एक चीज जो मुझे वास्तव में नही पसंद है वह यह है कि जब लोग 'तू' और 'तुम' कहते हैं, चाहे वह किसी से



भी हो।जया ने 25 साल की उम्र में शादी की थी और शादी को 50 साल से ज्यादा हो गए हैं। बातचीत के दौरान नव्या ने पूछा कि जया रिश्ते में किस चीज को गलत मानती हैं यानी उनके लिए एक रिलेशनशिप में क्या रेड फ्लैग है, इस पर जया ने कहा कि बुरा व्यवहार उनके लिए एक रिश्ते में सबसे खराब बात है। जया ने कहा कि एक चीज जो मुझे वास्तव में नही पसंद है वह यह है कि जब लोग 'तू' और 'तुम' कहते हैं, चाहे वह किसी से भी हो। क्या आपने कभी मुझे अपने नानाजी से 'तुम' का प्रयोग करते हुए बात करते हुए सुना है? मुझे लगता है कि इन चीजों के लिए सचेत प्रयासों की आवश्यकता होती है, जो आपकी पीढ़ी नहीं करती है। जब तक आप किसी का सम्मान नहीं करेंगे, तब तक प्यार नहीं होगा। सीमाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं। जब नव्या ने जया से पूछा कि उनके लिए प्यार का क्या मतलब है तो उन्होंने कहा, 'अनुकूलता, समझ, समायोजन। मुझे याद है, मेरी सास (तेजी बच्चन) हमेशा कहा करती थीं कि तुम लोगों से जितनी कम उम्मीद करोगे, तुम्हें जीवन में उतनी ही कम निराशा का सामना करना पड़ेगा।

## ओपनिंग डे पर सुस्त रही शाहिद कपूर की फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया'



इस फिल्म ने उम्मीद के मुताबिक अच्छी शुरुआत की है. फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन सामने आ गया है। ओपनिंग डे पर शाहिद-कृति स्टारर फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म ने पहले दिन लगभग 6.40-6.75 करोड़ रुपये की कमाई की है। पीवीआरइनॉक्स और सिनेपोलिस जैसी टॉप मल्टीप्लेक्स सीरीज फिल्म के कलेक्शन में लगभग 55 प्रतिशत का योगदान देकर भारी कमाई कर रही हैं। फिल्म एक टोटल मेट्रो सिटी लव-स्टोरी है । ऐसे में तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया से वीकेंड पर शानदार कलेक्शन की उम्मीद की जा सकती है। यह देखना होगा कि क्या यह वीकेंड पर डबल डिजिट कलेक्शन कर पाती है या नहीं। हालांकि फिल्म को पॉजिटिव रिव्यू मिले हैं। इसमें शाहिद कपूर और कृति सेनन की फ्रेश जोड़ी, अच्छा संगीत और दिलचस्प कहानी शामिल है. साथ ही वैलेंटाइन वीक पर इस शानदार लव-स्टोरी को कपल काफी एंजॉय कर सकते हैं। साथ-साथ इस फिल्म की टक्कर में कोई दूसरी रिलीज भी नहीं है । ऐसे में इस रोबो-कॉम को सिनेमाघरों में इसका फायदा मिल सकता है। अगले दो दिन में फिल्म को भारत में कम से कम 60 करोड़ रुपये और दुनिया भर में लगभग 100 करोड़ रुपये की कमाई करनी होगी।

# सीएम ने दिया पुलिस अधिकारियों को कड़ी चेतावनी

## अपराधों पर लगाम नहीं लगी तो सबंधित जिले के पुलिस कप्तान पर की विभागीय कार्रवाई की जाएगी

» अपराध,नशाखोरी और अवैध गतिविधियों पर हमारी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति : मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय

» पुलिस के प्रति अपराधियों के मन में डर और आम जनता में सम्मान हो

» पुलिस अपराधियों के लिए कठोर और आमजनों के लिए नम्र हो

» मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिरीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों के सम्मेलन को किया संबोधित

» उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने भी किया कार्यक्रम को संबोधित




**रायपुर,10 फरवरी 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि अपराध,नशाखोरी और अवैध गतिविधियों पर हमारी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है। अपराधों पर लगाम नहीं लगी तो सबंधित जिले के पुलिस कप्तान पर कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में आज आयोजित पुलिस महानिरीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस को लेकर अपराधियों के मन में डर और आम जनता के मन में सेना की तरह सम्मान होना चाहिए।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव ने अधिकारियों से कहा कि पुलिस का व्यवहार अपराधियों के लिए कठोर हो और आमजनों के लिए उतना ही नम्र और मृदु होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अवैध शराब, जुआ, सट्टा जैसी सामाजिक बुराईयां समाज को अंदर तक खोखला कर देती हैं। जब युवा इससे प्रभावित होते है तो यह सर्वाधिक चिंता जनक है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि यदि आपराधिक गतिविधियों पर लगाम नहीं लगेगी तो ना केवल संबंधित जिले के पुलिस कप्तान बल्कि थाना स्तर के पुलिस अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

श्री साय ने कहा कि पुलिस विभाग अनुशासित विभाग है, पुलिस अधिकारियों में यह अनुशासन दिखना चाहिए, जो अंततः अनुशासित और अपराध मुक्त समाज की स्थापना में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की दंड से न्याय की ओर की संकल्पना को स्थापित करने के लिए किये जा रहे प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि नए कानून समयबद्ध तरीके से लागू हों, यह सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश के माओवाद प्रभावित क्षेत्र में हमारे जवान कठिन परिस्थितियों में उनका डटकर मुकाबला कर रहे हैं। उन्होंने संदेश दिया कि छत्तीसगढ़ सरकार हर मोर्चे पर पुलिस कर्मियों के साथ खड़ी है और उनके सुविधाओं में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। पुलिस के कल्याण के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं। समय पर पदोन्नति, आवास, जरूरी अधोसंरचना सहित संसाधनों की आपूर्ति के लिए हमने व्यवस्थाएं की हैं, इसे आगे भी जारी रखेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ शासन के वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट का उल्लेख करते हुए कहा कि इस बजट में पुलिस विभाग के लिए बड़ी राशि आवंटित की गई है। यह बजट कानून का राज स्थापित करने में निर्णायक साबित होगा।

### गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा बजट में गृह विभाग को काफी कुछ मिला

उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सरकार के पहले बजट में गृह विभाग को काफी कुछ मिला है, पिछ्ले वर्ष के बजट की तुलना में गृह विभाग के बजट में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस बजट में नक्सल ऑपरेशन में जाने वाले जवानों के लिये राशन का बैग और स्पाईक रेसिस्टेंट शूज का प्रावधान किया गया है, जिससे अब नक्सल ऑपरेशन में जाने वाले जवानों को सुविधा होगी। पुलिस विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारियों की सुविधाओं में वृद्धि के लिए भी इस बजट में प्रावधान किये गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री के हृदय में बड़े अधिकारी से लेकर आरक्षक तक के अधिकारी के लिए समान रूप से संवेदना है। हम सबका कर्तव्य है कि अपराध हुआ तो अपराधी को जल्द से जल्द पकड़ लें। श्री शर्मा ने कहा कि समाज में वातावरण बने कि अपराध ही न हो और इसी लक्ष्य के साथ अधिकारियों को अपने दायित्वों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस का कप्तान यह ठान ले कि जिले में अपराध न हो, नशे का व्यापार न हो तो वह बिल्कुल नहीं होगा। छत्तीसगढ़ शांति का टापू था, इसे हम फिर से शांति के टापू के रूप में स्थापित करेंगे, उन्होंने यह संकल्प दोहराया। सम्मेलन में पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा ने स्वागत उद्बोधन दिया और पुलिस विभाग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। इस मौके पर मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार पिंगुआ, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री हिमांशु गुप्ता, श्री प्रदीप गुप्ता, श्री एस.आर.पी कल्लुरी, श्री विवेकानंद सिन्हा, श्री अमित कुमार गुप्ता, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद, श्री राहुल भगत, डॉ. बसवराजू एस. सहित छत्तीसगढ़ के सभी रेंज के पुलिस महानिरीक्षक और जिलों के पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे।सम्मेलन के अंत में ग्रुप फोटोग्राफी भी कराई गयी जिसमें कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम, विधायक श्री अमर अग्रवाल तथा प्रबोध मिंज उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री खाद्यान्न सुरक्षा योजना के तहत मिलेगा निःशुल्क चावल

**रायपुर,10 फरवरी 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार के वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना अंतर्गत 3 हजार 400 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री खाद्यान्न सुरक्षा योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को आगामी पांच वर्ष तक निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल ने बताया कि महिलाओं एवं बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए फोर्टिफाइड राईस के वितरण के लिए 209 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।



### गार्ड ने खुद को मारी गोली,मौके पर मौत

**रायपुर,10 फरवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के गंज थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के तीन बजे मंत्री दयाल दास बघेल के स्टेशन रोड के बंगला में गार्ड रूम में तैनात आरक्षक रोहित सलामे ने सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर लिया है। मृतक एक सप्ताह पहले 25 दिन अवकाश से वापस आया था। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। कंपनी कमांडर नेहरू राम साहू, डीएसपी लाइन निलेश द्विवेदी, आरआइ वैभव मिश्रा तथा गंज थाना प्रभारी आशीष यादव घटना स्थल पर उपस्थित है। आरक्षक के शव को अस्पताल में भेजा गया है।



### दीपिका बंधनमुक्त होकर लौटी वापस



**रायपुर,10 फरवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों से भिलाई की रहने वाली जोगी दीपिका जोगी की वतन वापसी हो गई है। रोजगार की तलाश में दीपिका ओमान पहुंची थी और जहां उसे बंधक बना लिया गया था। अब प्रदेश सरकार महिला को बंधन मुक्त कराकर भिलाई ले आई है। दीपिका एंबेसी के सहयोग से शुक्रवार रात रायपुर एयरपोर्ट पहुंची। उन्हें लेने वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन खुद पहुंचे। रायपुर एयरपोर्ट पहुंचने के बाद दीपिका से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और विधायक रिकेश सेन ने मुलाकात की।

# करोड़ों की ठगी करने वाले 14 ठगबाज गिरफ्तार



**रायपुर,10 फरवरी 2024(ए)।** प्रार्थिया निवासी संजय नगर, रायपुर ने थाना टिकरापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह बिजली विभाग से डिप्टी जनरल मैनेजर के पद से सेवानिवृत्त हुई है। राम किशन वर्मा तथा पुनीत जोशी नामक व्यक्तियों ने वर्ष 2016 से लगातार प्रार्थिया के मोबाईल फोन में अलग ङ्क अलग मोबाईल नंबरों से फोन कर ठगी की घटना को अंजाम दिये है। जिसमें प्रार्थिया को उसके पुराना बीमा पॉलिसी के आधार पर नई बीमा पॉलिसी दिलाने एवं सेवानिवृत्त के समय सभी पॉलिसी का पैसा एक साथ प्रार्थिया को मिलने से उसे अच्छा फायदा होने का झांसा दिया गया। तत्पश्चात् राम किशन वर्मा तथा पुनीत जोशी (काल्पनिक नाम) के नाम से दो व्यक्तियों द्वारा प्रार्थिया की पुरानी बीमा पॉलिसी को आधार बनाकर फर्जी कागजात तैयार किया गया। प्रार्थिया को मोबाईल फोन के माध्यम से बारम्बार फोन करके अपने झांसे में लेकर दिनांक 12.01.2017 से अलग अलग तिथियों में व विभिन्न किश्तों में प्रार्थिया से करीबन 70 लाख रूपये प्रार्थिया को पैसे जमा करने हेतु कुल 05 बैंक खाता उपलब्ध कराकर उससे उक्त राशि जमा कराया गया। समय बीतने पश्चात् प्रार्थिया द्वारा बीमा पॉलिसी का भुगतान मांगे जाने पर राम किशन वर्मा तथा पुनीत जोशी ने अपना मोबाईल नंबर बंद कर दिया, तब प्रार्थिया को अहसास हुआ कि वह बीमा पॉलिसी के नाम पर ठगी का शिकार हो गई है। प्रार्थिया द्वारा उक्त घटना की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 75/24 धारा 420, 467, 468, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

घटना को पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संतोष सिंह द्वारा गंभीरता से लेते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम श्री जय प्रकाश बढ़ई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध श्री पीताम्बर सिंह पटेल, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती श्री राजेश चैधरी, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री दिनेश सिन्हा, थाना प्रभारी टिकरापारा एवं प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट को अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना टिकरापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया।

# एक बार फिर से 5 रूपए में श्रमिकों को मिलेगा भोजन




**रायपुर,10 फरवरी 2024(ए)।** जाजल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2024 के अवसर पर वित्त मंत्री और जांजगीर-चांपा जिले के प्रभारी मंत्री ओ पी चौधरी ने आज शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत जिला मुख्यालय जांजगीर के निकट स्थित एफसीआई गोदाम के पास स्थित नया बस स्टैंड परिसर पर कैंटीन का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत आज प्रभारी मंत्री के द्वारा जिले का पहला कैंटीन का शुभारंभ किया गया है। इस कैंटीन के माध्यम से निर्माणी,संगठित एवं असंगठित वर्ग के श्रमिको को मात्र 5 रुपए में चावल, दाल, सब्जी, आचार या चटनी के साथ गरम और ताजा भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

प्राप्त जानकारी अनुसार इस योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य शासन (श्रम विभाग) तथा आर के एसोसिएट्स नई दिल्ली के मध्य एमओयू हस्ताक्षर हुए हैं। जाँजगीर के इस कैंटीन में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक गर्म भोजन उपलब्ध कराया जायेगा तथा भोजन का समय श्रमिकों के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। इसमें खाने हेतु 400 ग्राम चावल, 100 ग्राम दाल, 100 ग्राम सब्ज़ी तथा 10 ग्राम आचार या चटनी एवं आरओ का पानी पीने के लिए उपलब्ध कराया जायेगा। इस योजन के तहत भोजन सप्ताह में 6 दिन उपलब्ध कराया जाएगा तथा श्रमिकों की आवश्यकता अनुसार 7वें दिन भी उपलब्ध कराया जा सकता है। एमओयू के अनुसार एक थाली भोजन की राशि 52.65 रुपये निर्धारित है। जिसमें 5 रुपये श्रमिक द्वारा तथा शेष 47.65 रुपये श्रम विभाग द्वारा प्रदान किया जाता है। उल्लेखनीय है की शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना वर्ष 2017 से छत्तीसगढ़ में प्रारंभ होकर संचालित है। यह योजना रायपुर, दुर्ग, रायगढ़, राजनांदगाँव,महासमुंद तथा अंबिकापुर में पूर्व से संचालित है। श्रमिक कैंटीन के शुभारम्भ अवसर पर कलेक्टर आकाश छिकारा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर के खुटे, श्रम विभाग के घनश्याम पाणिग्रही एवं विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# पशु तस्कर हुए गिरफ्तार

**राजनांदगांव,10 फरवरी 2024 (ए)।** पशु तस्करी की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे आरक्षक के ऊपर गाड़ी चढ़ाने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरक्षक को वाहन से कुचलकर हत्या करने के बाद से पशु तस्कर फरार थे, जिन्हें पुलिस ने महाराष्ट्र से पकड़ा है। जानकारी के मुताबिक, घटना थाना बागनदी क्षेत्र की है। 9 फरवरी की रात 2.30 बजे एक संदिग्ध वाहन का पीछा करते हुए राजनंदगांव हाईवे पेट्रोलिंग के चालक ने थाना बागनदी को फोन कर सूचना दी कि पशुओं से भरी वाहन बागनदी थाना क्षेत्र की ओर आ रही है। शिकायत मिलने पर थाना बागनदी के आरक्षक शिवचरण मंडावी मौके पर पहुंचे और स्टापर लगाकर वाहन को रोकने की कोशिश करने लगे। पशु तस्कर ने पुलिस को बीच सड़क में खड़े देखा तो वो घबरा गए और अपनी पिकअप वाहन को तेज रफ्तार से चलाते हुए आरक्षक शिवचरण मंडावी के उपर चढ़ा दी। घटना के बाद आरोपी देवरी महाराष्ट्र की ओर फरार हो गए।



आरक्षक शिवचरण मंडावी को गंभीर चोट आने पर ईलाज के लिए देवरी अस्पताल लेकर गये जहां ईलाज के दौरान आरक्षक की मौत हो गई। थाना बागनदी में अपराध 13/2024 धारा 307 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया।




## आइटी टूल्स से टैक्स चोरों पर रखेंगे कड़ी नजर

**रायपुर,10 फरवरी 2024 (ए)।** टैक्स चोरों पर कड़ी नजर रखने और कर प्रशासन में मजबूती,पारदर्शिता लाने के लिए भी बजट में प्रविधान किए गए हैं। इसके लिए सभी विभागों में आइटी टूल्स की सहायता ली जाएगी। इसके साथ ही राज्य मुख्यालय में बिजनेस इंटेलिजेंस यूनिट की स्थापना होगी। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) और मशीन लर्निंग का उपयोग होगा। मालूम हो कि इसके लिए 9 करोड़ 50 लाख का प्रविधान किया गया है। जानकारों का कहना है कि बिजनेस इंटेलिजेंस यूनिट का लक्ष्य बेहतर व्यावसायिक निर्णय लेना है। उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बीआइ विश्लेषण, डाटा प्रबंधन और रिपोर्टिंग टूल के संयोजन के साथ डेटा के प्रबंधन और विश्लेषण के लिए भी विभिन्न पद्धति शामिल होती है। बिजनेस इंटेरिजेंस यूनिट की स्थापना से कर चोरी पर कड़ी नजर रखी जा सकती है।

# पुजारी हुआ गिरफ्तार

### बेसहारा बच्चों को बनाया शिकार

**दुर्ग,10 फरवरी 2024 (ए)।** जिले में छोटे-छोटे बच्चों से अननेचुरल सेक्स करने का मामला सामने आया है। आरोपी पुजारी बच्चों को चॉकलेट और मोबाइल देने के बहाने अपने पास बुलाता था। इसके बाद उनसे अप्राकृतिक सेक्स करता था।दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सिटी कोतवाली प्रभारी महेश ध्रुव ने बताया कि उनके पास दुर्ग के एक मोहल्ले से कुछ महिलाएं शिकायत लेकर आई थीं। उन्होंने बताया कि महमरा एनीकट में दाह संस्कार और पूजा-पाठ करने वाले शिशुपाल महाराज ने उनके बच्चों के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाए हैं।महिलाओं ने बताया कि शिशुपाल महाराज उनके बच्चों को चॉकलेट और मोबाइल देने के बहाने अपने पास बुलाता था। वो उन्हें वहीं अपने पास कई-कई दिन रखता और खाना-पीना भी देता था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ इस तरह की पहले भी शिकायत मिल चुकी है। वो इससे पहले दुर्ग मेंपूजा-पाठ करता था और वहीं रहता था। वहां भी कुछ बच्चों को अपने पास बुलाता था और लालच देकर उनके साथ अननेचुरल सेक्स करता था। उस समय उसे समझा बुझाकर छोड़ दिया गया था। इस बार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



# हत्यारों के घर बुलडोजर की कार्रवाई

**पखांजुर,10 फरवरी 2024 (ए)।** आज पखांजुर प्रशासन सुबह से ही एक्शन मोड में नजर आई। राजस्व और पुलिस प्रशासन ने मिलकर तीन अवैध कब्जो पर बने मकानों पर बुलडोजर चलाकर ढहा दिया। सबसे पहले कांग्रेस नेता सोमेन मंडल के अवैध कब्जे पर बनाया गया मेडिकल स्टोर को ढहाया। उसके बाद भरतपुर के रिपेन साडियाल और सुमित मांझी के अवैध कब्जे से बने घर को ढहाया गया। प्रशासन ने जो तीन घरों को ढहाने की कार्रवाई की वे तीनों घर असीम राय हत्याकांड में शामिल आरोपियों के हैं।गौरतलब है कि 7 जनवरी देर रात को भाजपा नेता असीम राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद एसआईटी गठित टीम ने तेरह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिसमें हत्या के षणयंत्रकर्ता ने सोमेन मंडल,रिपेन साडियाल और सुमित मांझी भी शामिल है। सोमेन ने हत्याकांड को अंजाम देने के लिए पैसे का लेनदेन किया था और रिपेन और सुमित ने रेकी करने का काम किया था। खुलासा के बाद से इन आरोपियों के अवैध कब्जों को ढहाने के लिए लगातार मांग की जा रही थी। बताना लाजमी होगा कि हत्याकाण्ड में शामिल पार्षद विकास पाल के अवैध कब्जे पर 22 जनवरी को प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर ढहाया था और अब प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों के अवैध कब्जों को भी ढहा दिया है। अवैध कब्जों को लेकर पखांजुर प्रशासन की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहने की संभावना है।



# रायपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचते ही चल गई गोली

**रायपुर,10 फरवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के रायपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा विशेष बल (आर पी एस एफ) का एक सर्विस हथियार गलती से चल जाने के कारण एक जवान की मौत हो गई। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इस हादसे में एक यात्री घायल भी हो गया है।

### कोच से उतरते समय हुआ हादसा

अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब छह बजे हुई, जब एक उपनिरीक्षक के नेतृत्व में आरपीएसएफ की एक टीम एस्कॉर्ट ड्यूटी के बाद सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन से उतर रही थी। जब कांस्टेबल दिनेश चंद्र (30) ट्रेन के एस-2 कोच से बाहर निकल रहे थे, तो उनका सर्विस हथियार गलती से डिस्चार्ज हो गया और एक गोली उनकी छाती में लग गई।



### इलाज के दौरान जवान की मौत

अधिकारी ने बताया कि घायल यात्री की पहचान मोहम्मद दानिश के रूप में हुई है, जो ऊपर वाले बर्थ पर सो रहा था, उसके पेट में भी चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि दोनों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कांस्टेबल की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि मृतक जवान राजस्थान का रहने वाला था।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)